रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 07 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-315 मूल्य 3.00 ₹


**क्विक न्यूज**

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को रथयात्रा की दी बधाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ से सभी नागरिकों की शांति ,सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। साय ने रथयात्रा की पूर्वसंध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में कहा है कि भारत में महाप्रभु जगन्नाथ के धाम पुरी सहित सभी स्थानों में रथयात्रा निकाली जाती हैं। यह भारत की मजबूत सांस्कृतिक एकता और सौहार्द्र का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्राचीन काल से ही छत्तीसगढ़वासियों की भगवान जगन्नाथ में गहरी आस्था रही है।

## जयशंकर ने ब्रिटेन के नये विदेश मंत्री डेविड लैमी से की बातचीत

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ब्रिटेन के नये विदेश मंत्री डेविड लैमी से दूरभाष पर बातचीत की और दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वह ब्रिटेन के अपने समकक्ष डेविड लैमी के साथ शीघ्र व्यक्तिगत बैठक के लिए उत्सुक हैं। ब्रिटेन नव निर्वाचित विदेश मंत्री डेविड लैमी से बात करके खुशी हुई।

# हाथरस भगदड़ : मुख्य आरोपी देव प्रकाश समेत दो अन्य गिरफ्तार

वार्ता ‹ हाथरस
www.dailypioneer.com



हाथरस भगदड़ मामले में मुख्य आरोपी समेत तीन और लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस भगदड़ में सत्संग के बाद 121 लोगों की जान चली गई थी। पुलिस अधीक्षक हाथरस निपुण अग्रवाल ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया, मुख्य आयोजक और मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर को हाथरस पुलिस के विशेष अभियान समूह ने शुक्रवार देर शाम दिल्ली के नजफगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शनिवार को सिकंदराराऊ पुलिस ने दो और आरोपियों राम प्रकाश शाक्य और संजू यादव को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि एडीजी आगरा जोन ने देव प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का नकद इनाम घोषित किया है। एसपी ने बताया कि 2 जुलाई को फुलराई मुगल गढ़ी गांव में भोले बाबा के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा, उसी दिन सिकंदराराऊ थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मुख्य आयोजक देव प्रकाश और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था और जांच डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई थी। पुलिस ने छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी को भी पुलिस हाथरस ले आयी है। उन्होंने कहा, देव प्रकाश की गिरफ्तारी के असफल प्रयासों के बाद एडीजी आगरा जोन ने 4 जुलाई को उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। एसपी ने कहा कि मुख्य आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि वह 2010 से एटा में मनरेगा के तहत जूनियर इंजीनियर के पद पर संविदा पर काम कर रहा था। वह पिछले कई वर्षों से संगठन से जुड़ा हुआ है और मुख्य रूप से कार्यक्रमों के आयोजन और धन एकत्र करने के लिए जिम्मेदार था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि देव प्रकाश ने 2 जुलाई को फुलारी मुगल गढ़ी गांव में आयोजित कार्यक्रम के लिए अनुमति ली थी।

# पीएम मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से फोन पर बातचीत कर बधाई दी

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को प्रधानमंत्री चुने जाने पर फोन कर के बधाई दी तथा बातचीत में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। मोदी ने स्टार्मर को शीघ्र भारत की यात्रा पर आने का निमंत्रण दिया है तथा दोनों नेता आपस में बराबर सम्पर्क बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि मोदी ने प्रधानमंत्री स्टार्मर से फोन पर बातचीत की और उन्हें प्रधानमंत्री पद संभालने और ब्रिटेन के चुनाव में उनकी पार्टी की भारी जीत की शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने बातचीत में भारत और ब्रिटेन के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख किया और पारस्परिक व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराया। बयान के मुताबिक मोदी और स्टार्मर दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए चल रही बातचीत को दोनों देशों के हित में शीघ्र सम्पन्न कराए जाने पर भी सहमति जताई।

## मोदी ने ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान को दी बधाई



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मसूद पेज़ेश्कियान को ईरान का राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी है तथा भारत-ईरान के संबंधो को और अधिक मजबूत बनाने के लिए उनके साथ मिल कर काम करने की आशा व्यक्त की है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'इस्लामी गणराज्य ईरान का राष्ट्रपति चुने जाने पर डॉक्टर पेज़ेश्कियान आपको बधाई। हमारे लोगों और इस क्षेत्र के लाभ के लिए हमारे मधुर और दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने की आशा है। ईरान से मिल रही मीडिया की रिपोटों में राष्ट्रपति पद के सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेज़ेश्कियान ने शनिवार को कट्टरपंथी सईद जलीली के खिलाफ राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल कर ली है।

# श्रमिकों का हक उन्हें दिला कर रहूंगा : राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि उन्होंने श्रमिकों जीवन को नजदीकी से देखने का प्रयास कर पाया है कि देश में मेहनतकश लोगों को सम्मान नहीं मिल रहा है और वह उन्हें यह हक दिला कर रहेंगे। गांधी ने हाल ही में दिल्ली में श्रमिकों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और उनकी स्थिति का जायजा लिया। गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी की सरकार में 'भारत बनाने वालों' को भयंकर कष्ट झेलना पड़ रहा है। मज़दूर एक दिन की कमाई से चार-चार दिन घर चलाने को मजबूर हैं। बचत के नाम पर एक पाई नहीं और ब्याज भरने की चिंता में वह पेट काट कर अपना जीवन गुजार रहे हैं। उन्होंने कहा, गुरु तेग बहादुर नगर में रेहड़ी-पटरी वालों और दिहाड़ी मजदूरों से मिलकर उनके जीवन संघर्ष को क़रीब से जानने का मौका मिला। जो 'भविष्य का भारत' बना रहे हैं, उनके अपने परिवार का भविष्य ही खतरे में है। भारत के मेहनतकश श्रमिकों को उनका पूरा हक़, सुरक्षा और सम्मान दिला कर रहूंगा - ये संकल्प है।

## अयोध्या की तरह भाजपा को गुजरात में हराएंगे

**अहमदाबाद।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि गिर रही है और वाराणसी में जान बचाकर भागे हैं लेकिन अब गुजरात में कांग्रेस जीतेगी और अयोध्या की तरह वहां भाजपा को हराएगी। गांधी ने कांग्रेस के गुजरात प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार यह तय हो गया है कि कांग्रेस तथा गुजरात की जनता भाजपा को हराएगी।

# संसद सदस्यों के लिए अपमानजनक टिप्पणियों को वापस लें: धनखड़



**नयी दिल्ली/वार्ता।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी.चिदंबरम की सांसदों को अंशकालिक बताने वाली टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि यह अत्यधिक अपमानजनक है और इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। धनखड़ ने केरल के तिरुवनंतपुरम में भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी) के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संसद के सदस्यों को अंशकालिक बताया जाना अपमानजनक है। उन्होंने कहा कि संसद को ही कानून बनाने का अधिकार है। गौरतलब है कि चिदम्बरम ने एक साक्षात्कार में सांसदों को अंशकालिक बताया है। धनखड़ ने नाम लिए बिना वरिष्ठ सांसद के शब्दों को संसद की बुद्धिमत्ता का अक्षम्य अपमान बताताया।

# कश्मीर से दो विधान, दो प्रधान, दो निशान समाप्त हो गए हैं: शाह



**गांधीनगर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से दो विधान, दो प्रधान और दो निशान समाप्त हो गए हैं और वहां तिरंगा बड़ी शान से लहरा रहा है। शाह ने 102वें अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और सचिव, सहकारिता मंत्रालय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती है। आज अगर बंगाल और कश्मीर भारत का हिस्सा हैं, तो इसका एकमात्र कारण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हैं।

# संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तक


पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा जो 12 अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति ने बजट सत्र के लिये दोनों सदनों की बैठकें 22 जुलाई से 12 अगस्त तक बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। रिजिजू ने कहा कि वर्ष 2024-25 का बजट 23 जुलाई को पेश किया जायेगा।







# रायपुर-पुरी रथ यात्रा स्पेशल ट्रेन को विधायक पुरंदर मिश्रा ने दिखाई झंडी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 से रायपुर से पुरी के लिए अनारक्षित रथ यात्रा स्पेशल ट्रेन के प्रथम फेरे का परिचालन किया गया। विधायक रायपुर उत्तर पुरंदर मिश्रा ने हरी झंडी दिखा कर अनारक्षित रथ यात्रा स्पेशल को रवाना किया। महाप्रभु जगन्नाथ जी के दर्शन और विश्वप्रसिद्ध रथयात्रा के साक्षी बनने के लिए पुरी जा रहे यात्रियों की मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी सहित रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अनारक्षित रथ यात्रा स्पेशल का किराया रायपुर से पुरी तक मात्र 125 रूपये है, इस ट्रेन में कोई भी यात्री टिकट लेकर ट्रेन के किसी भी कोच में बैठ सकता है। इस ट्रेन की सुविधा मिलने से रथ यात्रा के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़भाड़ को कम करने में सहायता मिलेगी एवं जगन्नाथ जी के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालु आसानी से अपनी यात्रा कर सकेंगे। अब यह गाड़ी रायपुर से 08383 नंबर के साथ 14 जुलाई 2024 को प्रातः 06.00 बजे रवाना होकर रात्रि 23.00 पुरी पहुंचेगी। इसी प्रकार पुरी से 08384 नंबर के साथ 08 एवं 16 जुलाई 2024 को मध्य रात्रि 02.45 बजे रवाना होकर 16.00 बजे रायपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 18 कोच के साथ चलेगी। इस ट्रेन के कामर्शियल स्टापेज रायपुर, मंदिर हसौद, महासमुंद, बागबहरा, खरीयार रोड, नवापारा रोड, हरीशंकर रोड, कांटाभंजी, मूरी बहल, टीटलागढ़, केसिंगा, रुप्रा रोड, नरला रोड, लांजीगढ़ रोड, अंबाडोला, मुनिगुडा, बिसम कटक, थेरुबाली, सिंगारपुर रोड, रायगड़ा, पार्वतीपुरम टाउन, पार्वतीपुरम, बोब्बिली, विजयनगरम, चिपुरुपली, सिगदम, पोंडुरु, श्रीकाकुलम रोड, तिलारु, कोटाबोमली, नौपाड़ा, पलासा, मंडासा, सोमपेटा, इच्छापुरम, ब्रहमपुर, छतरपुर, गंजम, खालिकोट्टी, बालुगाओं, कालुपाराघाट, निराकारपुर, काइपादर रोड, अरगुल एवं हरिपुरग्राम व पुरी के मध्य सभी स्टेशनो पर दिये गए हैं।

# प्रधानमंत्री महंगाई पर बात करने का साहस क्यों नहीं दिखा रहे : दीपक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बढ़ती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी पर चर्चा करने से भाग रहे है। देश की जनता का महंगाई से बुरा हाल है। मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। महंगाई को लेकर कांग्रेस प्रदेश में जनआंदोलन छेड़ेगी। मोदी राज में रोजमर्रा की जरूरतों के दाम बेतहाशा बढ़ गये है। 2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 1000 रु. के पार है। पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 100 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं जबकि डीजल के दाम 55 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 95 रु. प्रति लीटर के करीब पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में क्रूड आयल का दाम लगातार कम हो रहे है। 2014 की तुलना में वर्तमान में क्रूड आयल आधे रेट में मिल रहा है, लेकिन उसका लाभ आम जनता को नही मिल रहा है। खाने के तेल और दाल की कीमत 70 रु. और 60 रु. प्रति किलो थी, वह 200 रू. प्रति किलो को पार कर गई है।

# सम्पूर्णता अभियान के तहत क्षेत्र का होगा विकास : मंत्री नेताम



पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ में संपूर्णता अभियान की शुरूआत करते हुए आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि अभियान के तहत शंकरगढ़ क्षेत्र और यहां की जनता के चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। अधोसंरचनाओं के निर्माण, आर्थिक गतिविधियों का उन्मुखीकरण और विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से समाज की उन्नति के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। मंत्री नेताम ने बताया कि देशभर के चिन्हित 100 आकांक्षी विकासखण्डों का चयन अभियान के तहत किया गया है, जहां शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन विभागों के समन्वय से किया जाएगा। आगामी तीन महीने में अभियान का क्रियान्वयन शुरू हो जाएगा और बिजली, पेयजल, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य कई योजनाओं का लाभ क्षेत्र के नागरिकों को मिलने लगेगा। महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें स्वावलंबी बनाया जाएगा। कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज और सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने आकांक्षी ब्लॉक परियोजना के तहत् सम्पूर्णता अभियान के शुभारंभ होने पर उपस्थित लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक के संपूर्णता अभियान के सभी मानकों को सभी की सहभागिता से पूर्ण किया जाना है।

# जांच की आंच में देर-सबेर राजनीतिक वजूद झुलसने के डर से बेचैन भूपेश बघेल मिथ्या प्रलाप कर रहे : मूणत


पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने शराब घोटाले से जुड़े नकली होलोग्राम की जब्ती के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आए बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि बघेल की ज्ञानेंद्रिय अब जाकर हरकत में आई है, जब एसीबी और ईओडब्ल्यू ने धनेली गाँव में छापा मारकर महापौर एजाज ढेबर के बड़े भाई और शराब घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर के खेत की खुदाई करके वहाँ से सैकड़ों अधजले नकली होलोग्राम का जखीरा जब्त किया। मूणत ने कहा कि घोटाले के गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पूछताछ के दौरान नकली होलोग्राम का सच स्वीकार करने के बाद भी भूपेश बघेल इस मामले में फिर मिथ्या प्रलाप करके नित नया प्रपंच फैलाते जरा भी शर्म महसूस नहीं कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मूणत ने कहा कि शराब घोटाले के मामले में बघेल द्वारा रचे जा रहे राजनीतिक प्रपंच की उम्र ज्यादा लंबी नहीं है। देर-सबेर इस मामले का पूरा सच सामने आएगा और फिर दोषी चाहे कोई भी हो, उसकी जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी। बघेल यह बात अच्छी तरह समझ रहे हैं कि जांच की आँच में देर-सबेर उनका राजनीतिक वजूद झुलसने वाला है, यही डर बघेल को बेचैन कर रहा है, उनसे मिथ्या प्रलाप करा रहा है। मूणत ने सवाल किया कि आखिर नकली होलोग्राम मामले में बघेल की जुबान तब क्यों चली, जब ढेबर के खेत से नकली होलोग्राम का जखीरा पकड़ाया और साक्ष्य मिटाने के आरोप में तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई? बघेल होलोग्राम बनाने वाली फैक्ट्री को फर्स्ट बेनिफिशियरी बताकर आखिर अपने धत्कर्म पर कब तक पर्दा डालने की नाकाम कोशिश करते रहेंगे? फैक्ट्री मालिक गुजरात का होना इस पूरे मामले उतना मायने नहीं रखता, जितना यह मायने रखता है कि उस कम्पनी को प्रक्रिया का उल्लंघन करके होलोग्राम बनाने का टेंडर किसके शासनकाल में देकर नकली होलोग्राम बनवाए गए और फिर उसे छत्तीसगढ़ में शराब के गोरखधंधे में इस्तेमाल किया गया? बघेल को अब यह कैसे पता चला कि फैक्ट्री मालिक गुजरात का है? क्या बघेल बाकी का प्रलाप छोड़कर प्रदेश को इन सवालों का जवाब देने का माद्दा रखते हैं? भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मूणत ने कहा कि शराब घोटाले को लेकर हो रही जांच पर भूपेश बघेल कहते थे कि इसमें तानाशाही हो रही है, सरकार को बदनाम करने की कोशिश हो रही है। शराब घोटाले के जो आरोपी है और जो गिरफ्तार हुए हैं, अब तो उन्होंने भी साफ कर दिया है कि हम नकली होलोग्राम बनाते थे। कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के कार्यकाल में हुए शराब घोटाले को लेकर लगातार हो रहे ताजा खुलासों और बरामदगी के मद्देनजर कांग्रेस के भ्रष्ट कारनामों को लेकर तीखा हमला बोलते हुए मूणत ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने शराब के गोरखधंधे को बढ़ावा देकर जितनी काली करतूतें की हैं, वह अब सामने आ रही हैं, इसलिए बघेल रोज बिफर रहे हैं। भूपेश सरकार न केवल शराब की कोचियागिरी कर रही थी, बल्कि नकली और अवैध शराब के जरिए एक तरफ जान-माल के साथ घिनौना खिलवाड़ तक कर रही थी तो दूसरी तरफ प्रदेश के सरकारी खजाने पर डाका डाल रही थी। अब यह बात अब आईने की तरह साफ हो गई है कि प्रदेश का शराब घोटाला पिछली कांग्रेस सरकार की छत्रछाया में ही फल-फूल रहा था। जांच के दौरान इस मामले की कलई खुलने से सशंकित तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस नेता अनर्गल प्रलाप कर जांच एजेंसियों को केंद्र सरकार की एजेंट बताकर भ्रम फैलाते रहे, पर अब सच का सामना करने के लिए बघेल को तैयार हो जाना चाहिए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मूणत ने कहा कि ताजा खुलासे और बरामदगी तो अभी इस पूरे घोटाले का ट्रेलर भर है, पूरी पिक्चर तो पर्दे पर अब आएगी। नित-नए चौंकाने वाले खुलासों की ऐसी खबरें तो अब लगातार आएंगी। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल, जो भ्रष्टाचार के तमाम खुलासों के मौकों पर भ्रष्टाचार के आरोपियों के वकील बनकर खड़े होते रहे हैं, शराब घोटाले को लेकर लगातार झूठ बोलकर प्रदेश को गुमराह करते रहे। इस पूरे मामले में बघेल की भूमिका को भी जाँच के दायरे में लाने की मांग करते हुए मूणत ने सवाल दागा कि शराब घोटाले के लिए ढेबर परिवार को संरक्षण देने के एवज में वह कितनी कीमत वसूल रहे थे? प्रदेश सरकार की जानकारी में इतना बड़ा घोटाला फल-फूल रहा था और बघेल इस मामले को लेकर अनभिज्ञता का पाखंड रचते रहे। न केवल शराब, बल्कि कोयला और महादेव एप समेत अन्य तमाम घोटाले में किंगपिन किसे कहा गया है, पॉलिटिकल मास्टर कौन है, यह अब किसी से छिपा नहीं है। मूणत ने कहा कि इससे पहले कोयला घोटाले में भी बघेल की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं और उस पूरे घोटाले के 'पॉलिटिकल मास्टर' के तौर पर बघेल का नाम हर जुबान पर है, तो अब बघेल प्रदेश को यह बताएं कि क्या कोयला घोटाला की तरह ही शराब घोटाला के भी 'पोलिटिकल मास्टर' वह खुद ही थे?




7 जुलाई से उड़ीसा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू होने जा रही है। हर साल आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से इस रथ यात्रा का आयोजन होता है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजते हैं। ऐसी मान्यता है कि रथ यात्रा का साक्षात दर्शन करने भर से ही 1000 यज्ञों का पुण्य फल मिल जाता है।








# पायनियर हलचल...

## तो जमीन कम पड़ जाएगी...

छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य है जहां पर वन विभाग द्वारा व्यापक पैमाने पर पौधारोपण किया जाता है। हर साल पौधारोपण के आकड़े निकाले जाएं तो राज्य में इतने पौधे रोपित किए गए हैं कि यहां की जमीन छोटी पड़ जाएगी। सरकारी आकड़ों की मानें तो यहां पर तकरीकन 42 प्रतिशत फॉरेस्ट है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के 2017 के आकड़ों की बात करें तो यहां पर 116,85,74,000 पेड़ हैं, हालांकि बीते सात वर्षों में यह आकड़े बढ़े या घटे भी हो सकते है। इसके साथ ही अब तक विभाग द्वारा 60 से 70 करोड़ के आसपास पौधारोपण का अभियान चलाया जा चुका है। अर्थात प्रति व्यक्ति 28 पौधारोपण किया गया है। इन आकड़ों को देखकर धरातल के वास्तविक स्थिति का भी मुआयना किया जाना चाहिए। दरअसल में विभाग द्वारा व्यापक पैमाने पर पौधारोपण तो किया जाता है, लेकिन धरातल में कुछ ही पौधे जीवित बचते हैं। नियमानुसार प्रत्येक वर्ष 20 जुलाई तक पौधारोपण का काम समाप्त हो जाना चाहिए। वहीं इसके लिए 3 माह पहले गड्ढे खुद जाने चाहिए, और एक साल पहले भूमि का चयन किया जाना जाहिए, ताकि भूमि के अनुसार पौधों की प्रजाति का चयन हो सके। लेकिन यह एक अनोखा और अदभुत विभाग है जहां समाप्ति की तिथि नजदीक आने के बाद महाअभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। जिसमें भी बीज निगम कुछ और कह रहा है, और पौधे कुछ और बयां कर रहे हैं।

## लोकप्रिय कलेक्टर

राज्य में अभी तक नेता लोकप्रिय होते रहे हैं, लेकिन इन दिनों एक कलेक्टर साहब की लोकप्रियता परवान चढ़ रही है। दरअसल में जब राजनेता कमजोर होते हैं तो अफसरों की लोकप्रियता अपने आप बढ़ने लगती है, ऐसा ही कुछ यहां हो रहा है। कभी यहां पर एक कद्दावर नेता की तूती बोलती थी, उनके विशेष सहायक की कलेक्टरी में सीधा दखल होता था, अब हालत यह हैं कि नेताजी की ही पूछ परख गायब होते जा रही है, तो भला उनके सहायक की कौन सुनने वाला है। इसका सीधा प्रभाव कलेक्टर साहब के लोकप्रियता में पड़ रहा है। पहले शहर की कोई समस्या या जरुरत होती थी तो जनता नेताजी के दरवाजे में दिखाई देती थी, अब वैसी भीड़ नहीं दिखती। जाहिर सी बात है, जब राजनेता काम न करा पायेंगे, तो जनता को अफसरों के दरवाजे जाना पड़ेगा। खैर नेता जी के और कलेक्टर साहब के गुणों में भारी समानता है, नेताजी भी किसी को न नहीं बोलते और कलेक्टर साहब भी न कहने से परहेज करते हैं। ऐसे में भला कलेक्टर साहब की लोकप्रियता को कौन रोक सकता है।

## हे ईश्वर...

ईश्वर कभी पीड़ित थे, आज भी उन्हें न्याय नहीं मिला है, इसलिए सम्भवतः अभी भी वह पीड़ित ही कहलांएगे। लेकिन उनके और उनके भाई के कारनामे इन दिनों चर्चा का केन्द्र बने हुए हैं। पार्टी ने उन्हें टिकट दे दिया, वह सिम्पैथी में चुनाव भी जीत गए। लेकिन कारनामों की चर्चा ऐसी हो रही है कि लोग अब कहना चालू कर दिए हैं, हे ईश्वर आगे इस क्षेत्र का क्या होगा? इस क्षेत्र ही नहीं इसके आस-पास के क्षेत्रों में भी अब सब ईश्वर के भरोसे ही चलता दिख रहा है।

## हिमांशु या अरुणदेव

डीजीपी अशोक जुनेजा के अगले माह रिटायर होने के पहले राज्य में डीजीपी के लिए शांत स्वाभाव के हिमांशु गुप्ता का नाम प्रमुखता से चर्चा में है। पिछली सरकार में हिमांशु खुफिया चीफ भी रह चुके हैं। वहीं हिमांशु गुप्ता के साथ अरुणदेव गौतम के नाम की भी चर्चा चल रही है। कुल मिलाकर पवनदेव इस रेस से बाहर होते दिख रहे हैं। मौजूदा हालात को देखकर यह कहा जा रहा है कि हिमांशु गुप्ता या अरुणदेव गौतम में से किसी एक को राज्य पुलिस की कमान सौंपी जा सकती है।

## सहमे-सहमे से माननीय

इन दिनों माननीय सहमें-सहमें दिख रहे हैं। यह बात अलग है कि भाजपा की सुशासन वाली विष्णु सरकार के अभी महज 6-7 माह ही बीते हैं, ऐसे में इतना हतासा ठीक नहीं है। सरकार के लिए अभी काम करने के लिए पर्याप्त समय है, बीते छः माह में विष्णु सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने में सफल हुई है। इसलिए इतना जल्दबाजी में मुल्यांकन करना भी उचित नहीं है। लेकिन माननीयों की अपनी चिंता भी कुछ हद तक वाजिव है, 5 साल में से पहला साल रेत की तरह फिसल रहा है। जिसमें अभी नगरीय निकाय और पंचायतों के चुनाव भी होने हैं, ऐसे में माननीयों के पास काम करने के लिए 3 साल ही बचते हैं, उसके बाद आखिरी साल फिर चुनावी तैयारी में जुटना पड़ता है। बहरहाल यह चिंता क्यों है? यह डर क्यों हैं? इस पर मंथन और चिंतन की जरुरत है।

## कॉकस से घिरते नजर आ रहे गृहमंत्री

विधानसभा चुनाव में विजय शर्मा के लिए जनता स्वयं चुनावी मैदान में उतर गई। विजय शर्मा राज्य के एकमात्र ऐसे नेता होंगे जिनके लिए कार्यकर्ताओं ने स्वयं से चुनाव के लिए पैसे इकट्ठे किए, यह बात अलग है कि विजय शर्मा ने यह राशि उसी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को सौंप दी। शुरुआती में विजय शर्मा की सहजता सभी वर्ग को भाने लगी थी, कवर्धा के साथ ही विजय राजधानी में भी चर्चा के प्रमुख केन्द्र बिन्दु बने हुए थे। लेकिन कहते हैं कि सिस्टम में कुछ ध्यान खुद को भी देने की आवश्यकता होती है। विजय शर्मा वर्तमान में कवर्धा के विधायक के साथ ही राज्य के उपमुख्यमंत्री हैं, ऐसे में उनके क्षेत्र के अलावा भी राज्य के हर कोने से, हर वर्ग के लोग उनके दरबार में पहुंचते हैं। लेकिन शर्मा के आस-पास का घेरा, उन्हें लोगों से दूर करने की भूमिका निभा रहा है। जिसके कारण लोग दबे स्वर में यह कहने लगे हैं कि विजय शर्मा भाजपा के वह कार्यकर्ता हैं जो कि जमीन में चैपाल लगाने बैठ जाते थे, पेड़ के नीचे गमछा डालकर आराम कर लेते हैं। लेकिन अब उनके इर्द-गिर्द के लोग कहीं न कहीं उन्हें आम जनता से दूर करते नजर आ रहे हैं।

## बारात के घोड़े कौन?

विपक्ष के नेता राहुल गांधी में इन दिनों भारी बदलाव देखा जा रहा है। राहुल ने गुजरात में दो टूक कहा कि एक दौड़ने वाला घोड़ा होता है और दूसरा बारात का घोड़ा। उन्होंने साफ तौर पर यह संदेश दिया कि अब बारात वाले घोड़ों के दिन लदने वाले हैं, उनके साथ सिर्फ दौड़ने वाले घोड़े ही चल सकेंगे। राहुल के इस बयान का छत्तीसगढ़ की राजनीति में किस तरह का असर होगा, यह निकट भविष्य में ही स्पष्ट हो सकेगा। राहुल का बयान पूरे देश के कांग्रेसी नेताओं को चेतावनी के रूप में लेनी चाहिए। छत्तीसगढ़ की राजनीतिक परिदृश्य में बात की जाए तो पांच साल सत्ता की मलाई खाने वाले ज्यादातर नेता और मंत्री राहुल गांधी की भाषा में बारात के घोड़े साबित हो रहे हैं। सरकार जाने के बाद यहां पर कुछ नेताओं को छोड़ दें तो चारों ओर खामोशी दिखाई दे रही है, सन्नाटा पसरा हुआ है। राहुल गांधी के मापदण्ड में इनमें से कौन-कौन से नेता बारात के घोड़े बनने जा रहे हैं? और कौन दौड़ने वाले घोड़ा साबित होंगे, यह तो उनके तेवर ही तय करेंगे।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# विद्यार्थियों की उपलब्धियां, कठिन परिश्रम, समर्पण, शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण: राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन

### पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के छठवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में विभिन्न शैक्षणिक सत्रों की परीक्षाओं में छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पत्रोपाधि के लिए उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। इस मौके पर राम प्रताप सिंह एवं सुरभा देश पांडे को विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि दी गई। समारोह में कुलाधिपति द्वारा पीएचडी छात्रों को उपाधि प्रदान की गई एवं इस उपाधि के आचार एवं गौरव की रक्षा करने का संदेश दिया गया। अतिथियों ने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि मुझे छठवें दीक्षांत समारोह में शामिल होते हुए बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उपाधि प्राप्त करने वाले शोधार्थियों के परिवारजनों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके सहयोग, त्याग एवं मार्गदर्शन में आपने ये महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। राज्यपाल हरिचंदन ने छात्रों से कहा कि आपकी महत्वपूर्ण उपलब्धियां आपके कठिन परिश्रम, समर्पण, आपकी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय 21 मार्च 2005 को स्थापित हुआ। पंडित सुंदरलाल शर्मा ने छत्तीसगढ़ में जन जागरूकता एवं सामाजिक प्रगति लाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह विश्वविद्यालय पंडित सुंदरलाल शर्मा जी के सपनों को गढ़ने एवं साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने उच्च शिक्षण गुणवत्ता बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय को नैक द्वारा ए प्लस ग्रेड दिए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि विकसित भारत, समृद्ध भारत की संकल्पना पर आधारित है। विकसित भारत संकल्पना के जरिए क्षेत्र के सभी नागरिकों को अपनी क्षमता के अनुसार विकास करने के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय जनजाति क्षेत्र में रहने वाले अति पिछड़े समुदायों तथा कॉविड-19 से प्रभावित लोगों को शिक्षा का अवसर प्रदान कर अपने सामाजिक सरोकारों के उद्देश्य को भी पूरा कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक एवं उपाधि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साय ने कहा मुझे प्रसन्नता है कि हमारे छत्तीसगढ़ राज्य का एकमात्र यह मुक्त विश्वविद्यालय अपने अकादमिक और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। दूरस्थ अंचलों में बसे ऐसे शिक्षार्थियों के लिए जो किसी कारणवश उच्च शिक्षा से वंचित रह गए हैं या नौकरी पेशा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो अपने भावी सपनों को साकार करना चाहते हैं, उनके लिए यह विश्वविद्यालय शिक्षा के अवसर प्रदान करने का प्रमुख केंद्र बन गया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मैं स्वयं राज्य के दूरस्थ क्षेत्र जशपुर का हूं इसलिए मैंने हमारे छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचलों के लोगों की कठिनाईयों को बहुत नजदीक से देखा है मैं दूरस्थ अंचलों में बसे हमारे राज्य के लोगों की कठिनाईयों को महसूस कर सकता हूं। मुझे खुशी है कि विश्वविद्यालय अपने ध्येय वाक्य उच्च शिक्षा आपके द्वार के अनुरूप अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा, शिक्षा का मूल उद्देश्य सर्वे भवंतु सुखिनः के ध्येय वाक्य के साथ एक दूसरे की मदद करना है। हमारे राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू किए जाने से युवाओं में तार्किक क्षमता के संवर्धन के साथ ही उनका सर्वांगीण विकास होगा।

## डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मुख्यमंत्री साय ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्र की अखंडता और समाज की उन्नति के लिए आजीवन कार्य करने वाले महान चिंतक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने कैम्प कार्यालय बगिया में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। साय ने कहा कि देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अद्वितीय प्रयासों के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की और एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र का सपना देखा। हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डॉ. मुखर्जी ने भारतीय राजनीति और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को मजबूत किया। उनके विचार और आदर्श आज भी हमें प्रेरित करते हैं।

# राजस्व प्रकरणों का पंजीयन और पेशी की तारीख अपडेट नहीं करने वाले अधिकारियों पर होगी कड़ी कार्यवाही: मंत्री टंकराम वर्मा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रेसवार्ता लेकर राज्य में चलाए जा रहे राजस्व पखवाड़ा, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य राजस्व विषयों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप राज्य में सुशासन स्थापित करने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आमजनों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। राजस्व पखवाड़ा में राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 6 से 20 जुलाई तक सभी जिलों के ग्रामों में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से बी-1, खसरा के नकल एवं किसान किताबों के आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निराकरण किया जाएगा। इसी तरह आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र संबंधी समस्त आवेदनों को लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाईन प्रविष्टि एवं शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। शिविर में प्राप्त होने वाले फौती नामांतरण, बटवारा, त्रुटि सुधार के प्रकरणों का मौके पर ही ऑनलाईन अपलोड कर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन, पंचनामा आदि की प्रविष्टि एवं मौके पर ईश्तहार जारी कर पक्षकारों को तामिल कराया जाकर प्रकरणो का निराकरण किया जाएगा। राज्य में अभी 7 लाख 4 हजार 154 दर्ज प्रकरणों में से 5 लाख 90 हजार 490 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश संबंधित राजस्व अधिकारियों को दिए गए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के तहत् राजस्व विभाग के 25 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है। इसमें नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, ऋण पुस्तिका, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, अपील, पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन के मामले, त्रुटि सुधार, राजस्य पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से हुए क्षति पर आर्थिक सहायता के प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा अंदर निराकरण किया जाएगा। विवादित प्रकरणों के निराकरण हेतु सभी राजस्व अधिकारी नियमित रूप से न्यायालय में आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन कर गुणवत्ता युक्त निर्णय यथाशीघ्र सुनिश्चित करेंगे।

**बैंक खाते, यूपीआई आईडी और नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर सकेंगे भू-राजस्व**

राजस्व मंत्री ने कहा कि राजस्व न्यायालय के सभी पीठासीन अधिकारियों को सभी राजस्व प्रकरणों को पंजीकृत करने, शून्य आदेश पत्र वाले प्रकरणों एवं ऐसे प्रकरण जिसमें पेशी तारीख की तिथि अद्यतन नहीं किये है, उन्हें शीघ्र ही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया जा रहा है, अन्यथा अनुशानात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस अगर अपने थाना क्षेत्र के नागरिकों का विश्वास और नब्ज को समझ गई तो अपराध होने से पहले उसे रोका जा सकता है : आईजी शुक्ला

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com




पुलिसिंग में सबसे बड़ी चुनौती लोगों का विश्वास हासिल करना है। यदि पुलिस अफसर अपने क्षेत्र की जनता के नब्ज को समझ गया और उनके भरोसे को जीत गया तो बड़े से बड़े अपराधिक मामले को घटने से पहले ही रोका जा सकेगा। यह बाते बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ.संजीव शुक्ला ने बिलासपुर प्रेस क्लब के हमर पहुंना कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होने पुलिसिंग में चुनौतियों और 1 जुलाई से लागू नए कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। आईजी डॉ.शुक्ला ने बिलासपुर से जुड़े अपने पुराने किस्से भी बताए। उन्होने बताया की बिलासपुर उनका ननिहाल है, बचपन में वो यहां अपनी अम्मा के साथ नानी के यहां आते थे। ग्रेजुएशन रायपुर में कामर्स विषय के साथ करने के बाद एम फिल की पढ़ाई के लिए बिलासपुर गुरूघासीदास विश्वविद्यालय पहुंचे। पढ़ाई के दौरान बिलासपुर से ही सन् 1988-89 में पीएससी का एग्जाम दिया। सन् 1990 में बस्तर के सीएसपी रहे। 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य बना तो बिलासपुर के ही कोतवाली सीएसपी बनाए गए। इस दौरान उन्होने बिलासपुर से ही वाणिज्य विषय में पीएचडी कर डॉक्टरेट की डिग्री हासिल की। यहां एसपी रेडियो भी रहे। वर्तमान में बिलासपुर रेंज के आईजी है। उन्होने कहा कि 35 साल के सेवा में उनका बिलासपुर से गहरा लगाव रहा। नए कानूनों के बारे में उन्होंने कहा कि ये प्रार्थी के पक्ष को मजबूत करने और उन्हें सुविधा देने के तर्ज पर बने है। अब कोई भी थानेदार किसी प्रार्थी को यह नहीं कह सकता कि अपराध मेरे थाना क्षेत्र में नहीं हुआ है। ऐसे में एफआईआर नहीं करुंगा। उसे शून्य में अपराध दर्ज करना ही होगा। नहीं तो थानेदार पर कार्रवाई हो जाएगी। कोर्ट मे 60 दिन के भीतर अपराध तय कर चालान पेश करना ही होगा। अब किसी भी गवाह को कोर्ट में बयान देने दिनभर इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उसे अधिकार मिला है कि वो वीडियों क्रांफ्रेसिंग के जरिए अपना बयान दर्ज करा सकता है। लोगों को ई-एफआईआर तक की सुविधा दी गई है। आईजी डॉ. शुक्ला ने नए कानून के बारे में जानकारी देते हुए कहाकि जो आईपीसी के तहत अपराध दर्ज होने के साथ ही कोर्ट में फैसले असानी से हो जाते थे। अब नया कानून आने से उसमें थोड़ी कठनाई तो होगी। अभी ये नया-नया बना है। अब मामले कोर्ट में जाएगें।

# स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, शॉपिंग मॉल, बाजारों की स्टार रैंकिंग की तैयारी में नगर निगम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अब कॉलोनियों की स्टार रैंकिंग के बाद स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, होटल और रेस्टॉरेंट की स्वच्छता रैंकिंग शुरू कर दी गई है। स्पेशल टीम इन स्थलों का मुआयना कर सिटीज़न्स इनपुट लेगी और रैंकिंग जारी करेगी। रैंकिंग परखने इस टीम ने अपना काम शुरू कर दिया है। कमिश्नर मिश्रा के अनुसार शहरी स्वच्छता गतिविधियों से हर नागरिक को जोड़ने यह गतिविधि की जा रही है। इन परिसरों में कचरा निपटान प्रबंधन की व्यवस्था, डस्ट बिन्स व कचरा पृथक्करण, सफाई के प्रति जागरूकता, पर्यावरण अनुकूल व्यवहार, पीक व कूड़ेदान पर मिली गंदगी, स्वच्छता संबंधी नवाचारों जैसे कई बिंदुओं पर टीम जानकारी लेगी और परिसर में आने जाने वालों की राय लेगी। इस आधार पर उत्कृष्ट परिसरों को फाइव स्टार रैंकिंग का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। ज्ञात हो स्वच्छता सर्वेक्षण -2024 की शुरुआत हो चुकी है। पिछले सर्वेक्षण में रायपुर ने 4447 नगरीय निकायों में 12 वा स्थान अर्जित किया था। इस बार इस सर्वेक्षण से हर घर को जोड़ने की क़वायद की जा रही है जिससे कि रायपुर देश के सबसे स्वच्छ शहर के तौर पर स्थान बनाएँ।

# सहकार से समृद्धि की परिकल्पना होगी साकार प्रदेश और देश की समृद्धि : मंत्री कश्यप

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सहकारी समितियों के सशक्तिकरण से किसानों सहित गांव, प्रदेश और देश की समृद्धि जुड़ी हुई है। सबकी सहभागिता से सबका विकास ही सहकारिता का मूल उद्देश्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के गांव, गरीब और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ''सहकार से समृद्धि'' को साकार करने का आव्हान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली हमारी सरकार का ध्येय वाक्य भी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास है और इसी ध्येय वाक्य को लेकर हमारी सरकार लोगों के हित में काम कर रही है। उन्होंने सहकारी समिति से जुड़े लोगों से कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में हमारा काम जमीनी स्तर पर दिखनी चाहिए। सबकी सहभागिता और सहयोग से ही हम आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकेंगे। मंत्री कश्यप ने कहा कि धरती मां को हम वसुंधरा के नाम से भी जानते हैं। इस वसुंधरा की हम पूजा करने वाले लोग हैं। जहां भी हल चलाकर हम बीज बो देते हैं। वसुंधरा हमें जीवकोपार्जन के लिए कई गुना अनाज देती है। उन्होंने कहा कि सहकारी समिति केवल धान, बीज खरीदी और बिक्री का केन्द्र नहीं, बल्कि इसे मल्टी एक्टिविटिज तथा कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने प्रदेश के किसानों से एक-एक दाना धान खरीदने का वादा किया था। हमारी सरकार ने इन वादों के मुताबिक 3100 सौ रूपए प्रति क्विंटल के मान से राज्य के लगभग 25 लाख किसानों से 145 लाख मेट्रिक टन धान खरीदने का काम किया। उन्होंने कहा कि किसानों की प्रगति हमारी प्राथमिकता में है। किसानों के प्रारंभिक जरूरतों को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक साढ़े 5 हजार करोड़ रूपए ऋण वितरण किए जा चुके हैं। इस खरीफ सीजन में 7 हजार 300 करोड़ रूपए का ऋण वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। सहकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि सहकारी समितियों के माध्यम से आमजनों को अधिक से अधिक लाभ मिल रहा है। लोगों में आपसी समन्वय और सहयोग की भावना विकसित होने से विकास का नया रास्ता खुला है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुख़र्जी की जयंती मनाई गई, किया गया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कि जन्म जयंती शनिवार को किरंदुल मंडल के कोडेनार मे मनाया गया एवं भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा वृक्षारोपण किया गया 7 कार्यक्रम कि शुरुवात डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उद्बोधन के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी सत्यजीत सिंह चौहान, वक्ता के सी मंडल ने बताया कि एक देश, एक निशान, एक विधान, एक प्रधान का अमर संदेश जो वीर बलिदानी डॉ. श्यामा प्रसाद मुख़र्जी ने दिया वो भारत की एकता अखंडता को बनाये रखने में सदैव प्रेरित करता रहेगा 7 डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत की अखंडता और कश्मीर के समर्थक थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर मुद्दे पर अनुच्छेद 370 को भारत की विफलता और शेख अब्दुल्ला का त्रियराष्ट्र सिद्धांत बताया,अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने के लिए भारतीय जनसंघ में हिंदू महासभा और राम राज्य परिषद के साथ सत्याग्रह शुरू किया। 1953 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का कश्मीर का दौरा था और इसी दौरान 11 मई को कुख्यात परमिट सिस्टम का उल्लंघन कर कश्मीर में प्रवेश करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और नजर बंद के दौरान ही 23 जून 1953 को जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई।

# श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं साहू समाज मठपुरैना के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर हुआ आयोजन










पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं साहू समाज मठपुरैना के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन शनिवार को प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन, मठपुरैना, रायपुर में किया गया। जिसमें लोगों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया एवं जन समस्याओं के बारे में विशेषज्ञ डाक्टरों जिनमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमीनुद्दीन कुरैशी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दीपा नायक, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हरप्रिया साहू एवं जनरल मेडिसिन विभाग से डाक्टर एकांश पिल्लै और हास्पिटल मार्केटिंग टीम से राजीव दास, सालिक साहू, विरेन्द्र खुटेल तथा नर्सिंग स्टाफ से मनहरण साहू, आशालता कुर्रे, लीना किंडो उपस्थित रहे।

# सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बालिका बॉलीबॉल टीम को मिला गोल्ड मेडल

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अंडर-19 बालिका वॉलीबॉल टीम को गोल्ड मेडल से नवाजा गया। ज्ञातव्य हो कि 6 जुलाई को आईसीएससी बोर्ड के तत्वावधान में तिल्दाकारमेल पब्लिक स्कूल में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आईसीएसई बोर्ड के स्कूलों के खिलाडियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी के अंडर-19 बालिका वॉलीबॉल टीम ने तथा अंडर.19 एवं 17 बालक वॉलीबॉल टीम ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बालिका टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और प्रतियोगिता की प्रथम विजेता टीम बनी और उसे गोल्ड मेडल से नवाजा गया। वॉलीबॉल मैच दो सेट में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम जेवियर्स की टीम अंबिकापुर की टीम से मैच खेली और पहले सेट में 15-0 से तथा दूसरे सेट में 17-1 से जीत गई। तत्पश्चात टीम का दूसरा मैच कारमेल स्कूल तिल्दा से हुआ इसमें पहले सेट में 15- 3 और दूसरे सेट में 15 - से विजेता होकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम को आयोजक संस्था द्वारा गोल्ड मेडल से नवाजा गया। इसी के साथ सेंट जेवियर धमतरी की टीम का नेशनल लेवल के लिए चयन भी हो गया। इस शानदार प्रदर्शन में टीम के जिन् खिलाड़ियों ने भाग लिया था उनके नाम इस प्रकार हैं.कोमल राजवानी, लवलीन कौर बग्गा, धात्री साहू ,संयोगिता नरेटी, साक्षी सिंह,वैली सिन्हा, पलक जैन और मुस्कान जाधव। स्कूल की टीम पीटीआई टिकेश्वरी चंद्राकर के संरक्षण में खेलने गई थी। धमतरी सेंट जेवियर्स की वॉलीबॉल टीम के इस शानदार प्रदर्शन पर संस्था की प्राचार्या मृणालिनी सिंह एवं समस्त स्टाफ ने गर्व और खुशी व्यक्त करते हुए टीम एवं कोच टिकेश्वरी चंद्राकर को हार्दिक बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामना व्यक्त की।

# सरकार बनने के बाद कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बहुत बड़ी : महेन्द्र साहू

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

भाजपा मंडल संडी की नियमित मासिक बैठक रेस्ट हाउस संडी बंगला में मंडल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष साहू ने कहा कि कुछ महीने पहले राज्य में मुख्यमंत्री बिष्णुदेव साय की सरकार बनने के बाद अब केन्द्र में आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी है । आप सभी ने घर घर जाकर भाजपा के लिए वोट मांगा है । सरकार बनने के बाद आपकी जिम्मेदारी बहुत बड़ी हो गयी है। अब आपको सरकार एवं जनता के बीच सेतु का काम करते हुए उनकी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाकर लाभ दिलाते हुए उनकी समस्याओं के समाधान करने के लिए कड़ी मेहनत करना पड़ेगा । सभा को मंडल महामंत्री पप्पू वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष राजू बंजारे, महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला रजक एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेश यदु ने भी संबोधित किया। संचालन मंडल महामंत्री विजय



कोसले ने किया। इस अवसर पर हुलाश वर्मा, लीलाधर साहू, राहुल बघेल, जयभारत कन्नौजे, श्यामू साहू, कमलनारायण साहू, रामखिलावन वर्मा, शिवराज वर्मा, सालिक साहू, जीवराखन साहू, उत्तम पटेल, थानेश्वर ध्रुव, केशवदास वैष्णव, भानसिंह ध्रुव, ओमप्रकाश पटेल, प्रेमलाल फेकर, ललित बंजारे, देवप्रकाश चंद्रवंशी, ऋषिकेश कन्नौजे, संतोष वर्मा, देवकुमार वर्मा, विक्की वर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ब्राइट माइंड्स किड्स स्कूल के नन्हे बच्चो ने किया वृक्षारोपण



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

ब्राइट माइंड्स किड्स स्कूल मैत्री विहार कॉलोनी में वृक्षारोपण कराया गया । जिसमे 2 साल से 10 साल तक के छात्र छात्राओं ने वृक्षारोपण किया जिसमे अनेक प्रकार के पौधे नीम , मोगरा, तुलसी ,आम सदासुहागन, स्नेक प्लांट ,शोपत्ति, दसमत,सेवंती, गुलाब ,नीमपत्ति ,मनिप्लांट आरव,श्रृष्टि , काशवी, तृषा शिवम , आहान, लियान, लक्ष्य ,लतीशा एहोमित ,अविराज, ओजस्वी ,ध्रुवंक , रुद्राक्षी,ताशी ,विरांश , सानवी, श्रव्या, शिवांश ,सौम्या, दालिमा , ताविश , आरवी, लवी,प्रांशि,वैदिक ,वेदिका काव्यांश , काव्या,हमीशा , वेनाया, युगीता , रिधान , धनराज ,तनय आदि बच्चो ने अपने नन्हे नन्हे हाथों से शाला के बगीचे में पौधे लगाए एवं शाला प्राचार्य द्वारा संकल्प दिलाया गया की पेड़ पौधों को कभी तोड़कर नुकसान नहीं पहुंचाएंगे एवं उसकी सुरक्षा व रक्षा करेंगे ।शाला प्रांगण में पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ के नारे गूंज उठे । सभी शिक्षिकाओं द्वारा भी पौधे लगाए गए । कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला प्राचार्य श्रीमती दिव्या नोतवानी ए नूतन डडसेना ए हिमांशी ए तृप्ति ए सिमरन एभूमिका एवं सत्यवती का भरपूर सहयोग रहा ।

# नारी शक्ति महिला संगठन ने मनाया पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

पायनियर संवाददाता बेलसोंडा
www.dailypioneer.com

श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर बेलसोंडा के नारी शक्ति महिला संगठन द्वारा कस्तूरबा ट्रस्ट बेलसोंडा में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर कस्तूरबा ट्रस्ट बेलसोंडाकी बालिका सोयम गीता जिसने 10th में हायर सेकंडरी स्कूल बेलसोंडा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है,उसे मोमेंटो एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं सभी बालिकाओं को बिस्किट का वितरण किया गया ।इस अवसर पर नारी शक्ति महिला संगठन की संरक्षक डॉ वाणी तिवारी, सचिव कीर्ति साहू,दीनबती देवांगन, कृष्ण साहू,हठियारिन,फूल बाई, अंशु,



रुक्मिणी,दशमत, कुंती ,मीला , कुमारी,बिंदा, मनोरमा, हेमलता आदि उपस्थित रहे।

# महावीर इंटरनेशनल ने किया स्वर्ण जयंती पर विभिन्न सेवाकार्य




पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

महावीर इंटरनेशनल का यह स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा जिला शासकीय अस्पताल में नवजात शिशुओं को बेबी किट का वितरण किया गया एवम नव किशोरी छत्राओ को गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत झिझक छोडो आत्मविश्वास कायम रखो विषयक जागरण कार्यक्रम के तहत स्वामी आत्मानन्द स्कूल में 100 छत्राओ को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। महावीर इंटरनेशनल धमतरी की महिला विभाग प्रमुख वीरा सूर्या लुंकड स्कूल प्राचार्या का इस आयोजन में महत्वपूर्णयोगदान रहा का मशवरा दिया गया। महत्वपूर्ण तथ्य है कि बेबी किट व गरिमा प्रोजेक्ट महावीर इंटरनेशनल की नियमित अंतराष्ट्रीय सेवा है इस अवसर पर सदस्यों द्वारा 100 पौधों का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ज्ञानचंद लुनावत, संरक्षक बीएल जैन, सचिव नीलेश लुंकड कोषाध्यक्ष स्वरुप बैद सहसचिव दिलीप जैन धीरेंद्र कुमार नाहर महिला विभाग प्रमुख सूर्या लुंकड, मनीषा लुंकड, सुषमा चोपडा, निर्मला लोढा, श्रेया बाफना, दीपा लोढा, सुप्रसिद्ध समाजसेवी हेमराज सोनी आशीषकुमार बंगानी सहित अनेक कार्यक्रम में उपस्थित हुए। स्कूल प्राचार्या एवं स्कूल के स्टाफ का उल्लेखनीय सहयोग प्राप्त हुआ

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स परिषद की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com




भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी एवं जिला शिक्षा अधिकारी टी आर जगदल्ले के निर्देनुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमतरी अमित तिवारी के आदेशानुसार भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ धमतरी की कार्यकारिणी एवं परिषद की संयुक्त बैठक 5 जुलाई 2024 मे वार्षिक कार्ययोजना तैयार किया गया। स्थनीय संघ धमतरी के कोषाध्यक्ष सोहनलाल साहू द्वारा वार्षिक आय ब्यय सत्र 2023-24 का लेखा.जोखा प्रस्तुत किया गया। प्रस्ताव मे 07 जुलाई को सभी संस्था अपने अपने विद्यालय स्तर पर वृक्षारोपण स्काउट गाइड गणवेश मे करके पालन प्रतिवेदन एवं फोटोग्राफ कार्यालय मे प्रस्तुत करेंगे। कब मास्टर, फलाक लीडर, स्काउट मास्टर, गाइड लीडर, रोवार लीडर, रेंजर लीडर एवं बैज परिक्षक की एक दिवसीय कार्यशाला 11/07/2024 को नत्थूजी जगताप उच्च मध्य विद्यालय धमतरी प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे आहूत किया जाना जिसमे विकाखंड की सभी शासकीय, आशाकीय, अनुदानप्राप्त प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी स्कूल से 01-01 शिक्षक की उपस्थिति अनिवार्य है जिन शालाओं की शिक्षिक अनुपस्थिति की स्थिति मे अनुशासनत्मक कार्यवाही की जानी है। द्वीतिय सोपान परिक्षण शिविर 17/09/2024 से 21/09/2024 तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्च मध्य विद्यालय रुद्री मे प्रस्तावित है जिसमे सभी विद्यालय से 08 स्काउट, 08 गाइड प्रभरी सहित पूर्ण गणवेश मे पाठ्यक्रम की तैयारी के सांथ आना है। 02 अक्टूबर गाँधी जयंती पर सर्वधर्म प्राथना सभा गाँधी मैदान धमतरी, 07 नवम्बर स्थपना दिवस पर साईकिल हाइक एवं कब बुलबुल उत्सव, 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस, 12 जनवरी को विश्व युवा दिवस, 23 जनवरी रक्तदान दिवस, क्वार एवं चैत्र नवरात्रि, मेला मडई मे सेवा कार्य,30 अप्रेल से 31मई तक प्याऊ घर संचालन विद्यालय स्तर पर आयोजन कर पालन प्रतिवेदन देना, 22फरवरी को चिंतन दिवस सर्वोदय उच्च मध्य विद्यालय धमतरी आयोजित होने की प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित की गई। उद्बोधन मे सहायक जिला शिक्षा अधिकारी ध्रुव ने सभी विद्यालयों प्राण् शा.मा. शा. हाई एवं हायर मे दल संचलन करने के लिए प्रेरित किया एवं जँहा संचालित है उन विद्यालय की संस्था प्रमुख को बधाई दिया।

# भाजपा मंडल में डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई जयंती

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

भाजपा मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भारत की एकता एवं अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद जनसंघ के संस्थापक एवं भारतीय जनता पार्टी के पथ प्रदर्शक व पुरोधा डां. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती गीता भवन में मनाई गई. सबने डां. श्याम प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना कर श्रद्धांजलि अर्पित किये।तत्पश्चात कार्यवाहक भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व



जिला पंचायत अध्यक्ष छत्तरसिंह नायक भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने डां. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला. उक्त कार्यक्रम में मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन उपवेजा ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुर्व विधायक त्रिलोचन पटेल,नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र कुमार पटेल, प्रदेश मंत्री (ओबीसी मोर्चा) कामता पटेल, जिला सह कोषाध्यक्ष धनेश नायक, जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर, पुष्पल्ता चौहान, सीता सतपथी, तरेश्वरी नायक, प्रदीप साहू, अमृत पटेल,गंगा राम पटेल,स्वर्ण सिंह सलूजा, गुंजन अग्रवाल, हितेश यादव, जय प्रकाश यादव, अनंत पटेल, रोमी सलूजा,मनोज दास, मंडल महामंत्री प्रमोद सागर, डॉ अशीष दास, धर्मेंद्र ठाकुर, रविंद्र पंडा, गजेन्द्र ठाकुर, नकुल चौहान, किशन जयसवाल, मुरली नायक, लव कुमार चौधरी, दीपक मखीजा, इकबाल, पंकज अग्रवाल शामिल रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी विदित धनानिया ने दी।

# बलौदा कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com




डॉ भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर बृजलाल पटेल द्वारा व्याखान दिया गया जिसमें नई शिक्षा नीति लागू किए जाने के उद्देश्य एवं उसका क्रियान्वन किस तरह से किया जाना है, विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालयों में इसी वर्ष सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू किया जावेगा । इसके तहत सेमेस्टर प्रणाली से प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। नई शिक्षा नीति में मल्टीपल एंट्री एवं एग्जिट का प्रावधान है जिसके तहत अलग अलग लेवल पे पढ़ाई छूटने के बाद भी छात्र उस स्तर के अनुसार सर्टिफिक्रेट व डिग्री प्रमाण पत्र पा सकता है। अब छात्र अपने मुख्य विषय के अलावा रुचि अनुसार अन्य संकाय (मल्टीडिसेप्लेनरी)के विषयों को चुन सकता है तथा वैल्यू एडेड कोर्स, कौशल विकास कोर्स तथा क्षमता विकास कोर्स भी मुख्य विषय के साथ पढ़ाई जाएगी। यह चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम पर आधारित है जिसमें प्रत्येक छात्र को 20 क्रेडिट पूर्ण करने होंगे। अंकसूची सीजीपीए आधारित ग्रेड सिस्टम पर बनेगी।कार्यशाला का संचालन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2000 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ के समन्वयक अंजेला लकड़ा जबकि आभार प्रदर्शन आईक्यूएसी जितेंद्र पटेल द्वारा किया गया । प्राचार्य अनिता पटेल द्वारा कार्यशाला की प्रशंशा करते हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों को बधाई दी गई।

# 20वीं राज्य स्तरीय कैडेट ताईक्वांडो चैंपियनशिप में जिले से पांच खिलाड़ियों का चयन



पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

रायगढ जिला में 5 से 7 जुलाई तक 20 वीं जूनियर एवं सीनियर और 7वीं राज्य स्तरीय कैडेट ताईक्वांडो चैपियनशीप 2024 का आयोजन रखा गया है। जिसमें पांच छात्र-छात्राओं में से चंद्रोदय पब्लिक स्कूल महासमुंद से तीन छात्रों का चयन किया गया है। जिसमें संग्राम सिंह ठाकुर, आदित्य राज, अपूर्व साहू व महासमुंद से नीलम यादव, लक्ष्य कश्यप का चयन हुआ है। जिले से प्रशिक्षक भीषम मांडले आयोजन में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में चयन होने पर खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, स्कूल के प्राचार्य नवीन कुमार चंद्राकर, अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, दुर्गेश कन्नौजे, महासुमंद जिला ताइक्वांडो संघ सचिव आनंद सिंघान एवं स्कूल परिवार की ओर से उज्वल भविष्य कि कामना करते हुए चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# जिले में उद्योग स्थापित करने राकेश ने की मंत्री से मुलाकात



पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा तथा तुमगांव नपं अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने श्रम एवं उद्योग मंत्री छग शासन लखनलाल देवांगन से मुलाकात कर महासमुंद जिले में बिरकोनी इंडस्ट्रीयल एरिया की तरह तुमगांव से सरायपाली के बीच इंडस्ट्रीयल एरिया बनाकर उद्योग स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि महासमुंद क्षेत्र किसानी पर निर्भर है। जिले में बिरकोनी को छोड़ और औद्योगिक क्षेत्र नहीं है। समय के अनुरूप उद्योगों और किसानों को मिल-जुलकर काम करना होगा। ताकि दोनों की जरूरतें पूरी हो सकें। और ऐसा होने से कृषि व उद्यम क्षेत्र के साथ ही प्रदेश व देश को भी काफी फायदा होगा तथा रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। औद्योगिक क्षेत्र स्थापना से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। चंद्राकर ने श्रम विभाग में संचालित मूलभूत व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। साथ ही सरायपाली बरगढ़ रेल कॉरिडोर हेतु प्रयास करने निवेदन किया। जिस पर मंत्री देवांगन ने जल्द ही सर्वे कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम चंद्राकर, पार्षद संदीप घोष, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष वर्मा, पूर्व एल्डरमैन गैंद यादव उपस्थित रहे।

# शिक्षक हेमलाल चक्रधारी मिट्टी कला के लिए हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

जिले को गर्वावित करने वाले मिट्टी के कलाकार हेमलाल चक्रधारी शिक्षक सेजेस नयापारा महासमुंद को महासमुंद लोकसभा सांसद रूप कुमारी चौधरी के जन्मदिन पर सम्मानित किया गया। इन्होने मिट्टी से अब तक सिरपुर का लक्ष्मण मंदिर, महात्मा गांधी, डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन, प्रणव मुखर्जी, बालगंगाधर तिलक, महर्षि पतंजलि, सर्वपल्ली राधाकृष्णन, भीमराव अम्बेडकर, मुख्यमंत्री, कलेक्टर, विधायक आदि अनेक हस्तियों का हुबहू मूर्ति बनाकर महासमुंद को एक अलग पहचान दिला रहा हैं। समय



समय पर इन्होने जागरुकता के लिए अनेक कलाकृति का निर्माण कर प्रत्यक्ष व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगो को जागरूक किया। जिसमे इन्होंने स्वच्छता, चुनाव निर्वाचन, कोरोना वायरस संस्कृति व परंपरागत कार्यों का महत्व, छत्तीसगढ़ महतारी, जैसे अनेक कार्य किए हैं। इन्होने छत्तीसगढ़ के जितने भी त्यौहार हैं व महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि इन सभी पर एक विशेष कलाकृति का निर्माण कर प्रत्यक्ष व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के बीच प्रदर्शित करते हैं। साक्षरता, मानव अधिकार दिवस, इनकी कला नवाचार, अद्भुत और बहुत ही सुंदर रहता है। जो लोगों को अत्यधिक आकर्षित करती है।

# महाविद्यालय में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने किया वृहत पौधरोपण

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, फुलझर नेचर क्लब एवं वसुधा इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में हरियाली पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है । महाविद्यालय के प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं तीनों इकाई के संयुक्त निर्देशन में हरियाली पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा






है। इसी कड़ी में 6 जुलाई 2024 को विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा बृहद रूप से वृहत पौधरोपण का कार्य किया गया। पौधारोपण को व्यवस्थित रूप से करने के लिए सिंघोड़ा नर्सरी से पौधों को लाकर तथा महाविद्यालय के परिसर में गड्ढा में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। जिसमें से प्रमुख रूप से करंज, कटहल, पीपल, बरगद, आंवला, नीम, जाम आदि पौधे रोपित किए गए। मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा एवं प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बहनों द्वारा पौधारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि पौधों की सुरक्षा संवर्धन और संरक्षण करने की जिम्मेदारी स्वयं की होगी इसके लिए उन्होंने अपने नाम से ट्री गार्ड में पौधों का सुरक्षा करने का संकल्प दोहराया। बढ़ती हुई पर्यावरण नुकसान को कम करने के लिए इस प्रकार से सामाजिक संगठन के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा आने वाले भविष्य में प्रत्येक व्यक्ति को पौधों की सुरक्षा के लिए कार्य करना पड़ेगा ।तभी मानव जीवन का अस्तित्व बचा रहेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र संघ प्रभारी डॉ. संध्या भोई, मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के अध्यक्ष कंचन अग्रवाल, सचिव प्रिया अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, सानिया अग्रवाल, सपना अग्रवाल,नेहा अग्रवाल, महाविधालय के अधिकारी एवं कर्मचारी पौधारोपण कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान किये।

# विधायक संदीप साहू ने पलारी विश्राम गृह में आम जनों से की मुलाकात सुनी समस्या



**लवन।** कसडोल विधायक संदीप साहू पलारी विश्राम गृह में दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक विधानसभा क्षेत्र के आमजनों से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी एवं उन सभी की समस्याओं को त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द समस्याओ को दूर करने आश्वासन दिया। इस अवसर पर रोहित साहू, मनीष चंद्राकर, निलकमल आज़ाद, संतोष देवांगन, शेखर वर्मा, नंदेश्वर साहू, सुमीत तिवारी, महेश ढ़ीढ़ी, डोमार साहू, लव कुश अग्रवाल सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम' लगाने के आह्वान पर वृक्षारोपण, वन विभाग का आयोजन

पायनियर संवाददाता | दुर्ग
www.dailypioneer.com

देश सहित प्रदेश में भी आम लोगों से 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने के आह्वान पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला वन मंडल दुर्ग द्वारा एक पेड़ मां के नाम से शुरुआत की गयी। दुर्ग जिला वन मंडल दुर्ग के इस आयोजन में जिले के प्रशासनिक, राजनैतिक के आलावा शिक्षण संस्थाओं के द्वारा इस मुहिम शामिल हो रहे है। एक पेड़ मां के नाम इस मुहिम में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, वन मण्डलाधिकारी चंद्रशेखर परदेशी, एस.डी.ओ. डी.के. सिंह, कमिश्नर रिसाली निगम मती मोनिका वर्मा, रेंजर हफिज़ खान कालेज के प्राचार्य, प्रोफेसर, विद्यार्थियों सहित अन्य प्रकृति प्रेमी संस्थान एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मौजूदगी में दुर्ग जिले के धनोरा स्थित आत्मानंद कालेज परिसर में एक पेड़ मां के नाम लगाकर जिले में अभियान की शुरुआत की गई। इस



कार्यक्रम का आयोजन वनमंडल दुर्ग ने किया। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कालेज विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने की अपील भी की है। इसके साथ ही जिले सभी स्कूलों, हॉस्पिटल और आंगनबाड़ियों में अभियान चलाकर वृहद वृक्षारोपण करने के निर्देश भी दिये। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से बच्चों का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा। इसमें पालकों और शिक्षकों को शामिल करने से निश्चित ही बड़े पैमाने पर पौधारोपण हो सकेगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत सभी लोग मां के नाम पर पेड़ लगाएंगे इसलिए इसकी देखरेख और रखरखाव की जिम्मेदारी सुनिश्चित होगी। ऐसे कॉलेज परिसर जहां अहाता है, उनके किनारे-किनारे छायादार पेड़ जैसे नीम, गुलमोहर, करंज, अशोक, अर्जुन लगाए जाने के निर्देश दिए हैं। आपको बता दें कि इस अभियान से विद्यार्थी, शिक्षक और पालक अपने लगाए गए पौधे को वृक्ष बनते तक पालन पोषण एवं सुरक्षा करेंगे। पौधारोपण के लिए उचित ऊंचाई के पौधे वन विभाग से प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करने कहा गया है। पौधारोपण करने के लिए उचित मापदण्ड के गड्ढे और खाद की भी व्यवस्था करने के निर्देश वन विभाग को दिए गए हैं। विद्यालयों में पौधारोपण के दौरान जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। पौधारोपण के समय शिक्षक और छात्र- छात्राओं से पौधों को सुरक्षित रखने बाबत् शपथ ग्रहण भी कराएं जाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी अधिकारी कर्मचारी भी परिसर में एक पेड़ अपनी मां के नाम पर रोपण किया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के 111वें एपिसोड में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अपील की सभी लोग एक पेड़ अपनी मां के नाम पर जरुर लगाएं। क्योंकि दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता मां का होता है। हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां हर दुख सहकर अपने बच्चे का पालन पोषण करती है। हर मां अपने बच्चे पर हर स्नेह लुटाती है। जन्मदात्री मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है जिसे कोई चुका नहीं सकता। मां के सम्मान में लगाएं एक पेड़ रूपीएम मोदी इसके लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर एक खास अभियान शुरू किया।

# सांसद के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव सम्पन्न

## मेघावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता | दुर्ग
www.dailypioneer.com



सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में तथा विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, विधायक वैशालीनगर रिकेश सेन और विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर की गरिमामयी उपस्थिति में आज जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कन्या उ.मा. शाला वैशालीनगर में सम्पन्न हुआ। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी भी सम्मिलित हुई। अतिथियों द्वारा विद्या की देवी सरस्वती की तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सांसद बघेल एवं अन्य अतिथियों ने आंगनबाड़ी केंद्र खुर्सीपार के बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। इसी कड़ी में विद्यालय के पहली, छठवी, नवमीं और ग्यारहवीं कक्षा के नवप्रवेशी विद्यार्थियों को भी तिलक लगाकर गणवेश और पाठ्यपुस्तक भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विद्यालय की 10 छात्राओं को सायकल भी वितरित की गई। इसके अलावा कक्षा दसवीं की परीक्षा उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण करने वाले 14 मेधावी छात्राएं तथा कक्षा बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 9 मेधावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उल्लास और उमंग के साथ आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मंशानुरूप विकसित भारत बनाने की पहल में देश के हर नागरिक को शिक्षित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति निरक्षर ना रहे, इसके लिए सरकार की पहल जारी है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से कहा वे निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए सद्भावना पूर्वक सेवाभाव से सहयोग करेंगे। मुख्य अतिथि सांसद बघेल ने कहा कि सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की यह देन है कि आज बेटियां शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने माता-पिता की भावनाओं के अनुरूप काम करें। साथ ही गुरूजनों के प्रति हमेशा सम्मान का भाव रखे। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद बघेल ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

# मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर सेमिनार

पायनियर संवाददाता | दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले में मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक बुद्धिमत्ता की समझ विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक और परामर्शदाता नितिन वास्तव रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन भाषण डीडीएसयू के यामिनी जी और आयाज जी ने दिया। सेमिनार में जिले के 179 शिक्षकों (स्वास्थ्य नोडल अधिकारी) और जिले के अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे। डॉक्टर नितिन वास्तव ने अपने उद्बोधन भाषण में मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक बुद्धिमत्ता का महत्व बताया। उन्होंने भावनाओं और गतिविधियों के बीच के संबंध पर प्रकाश डालते हुए डिप्रेशन और उदासी के बीच के अंतर को समझने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने भय पर विजय प्राप्त करने, अवसाद को परिभाषित करने और उदासी के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक बुद्धिमत्ता के बारे में समझ को बढ़ाना और जागरूक करना था जिससे बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और बेहतर समझ विकसित हो सके जानकारी मिल सके। इस अवसर पर शिक्षा विभाग दुर्ग की तरफ से गौरा शुक्ला और विवेक शर्मा और स्वास्थ्य विभाग की तरफ से दिव्या वास्तव, अर्चना चौहान, सीबीएस बंजारे, तुषार और संजय जी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में विवेक शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन दुर्ग, डीडीएसयू और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से किया गया था।

**राष्ट्रीय कार्यक्रम मलेरिया-डेंगू-फाईलेरिया एवं महामारी नियंत्रण एवं**

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के सबंध में बैठक आयोजित की गई

पायनियर संवाददाता | दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कार्यक्रम मलेरिया/डेंगू/फाईलेरिया एवं महामारी नियंत्रण एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के सबंध में 04 जुलाई 2024 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के सभागार में खंड विस्तार अधिकारी/प्रभारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, प्रभारी जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक चिकित्सा संदीप ताम्रकार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन दुर्ग के मार्गदर्शन में आर.एम.एन.सी.एच. मती शोभिका गजपाल, जिला महामारी विशेषज्ञ दुर्ग मती रितीका मसीह एवं डीपीएचएनओ दुर्ग मती प्रीतिका पवार, दुर्ग द्वारा समस्त खंड विस्तार अधिकारी/प्रभारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। इसी क्रम में 04 जुलाई 2024 को खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग में जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मलेरिया अधिकारी दुर्ग के द्वारा शासकीय एवं निजी स्कूलों के प्राचार्यों को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कायक्रम के अंतर्गत डेंगू/मलेरिया/फाइलेरिया, महामारी नियंत्रण के अंतर्गत उल्टी-दस्त, पीलिया एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी अरिवन्द कुमार मिश्रा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी. बंजारे व समस्तअधिकारी/कर्मचारीगण कार्यालय जिला मलेरिया अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण दो पाली में संपन्न किया गया। प्रथम पाली में शासकीय स्कूलों में प्राचार्य एवं द्वितीय पाली में निजी स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# सीएम मेडिकल कॉलेज के समन्वय बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता | दुर्ग
www.dailypioneer.com

दुर्ग संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर के नेतृत्व में सीएम मेडिकल कॉलेज के समन्वय बैठक संपन्न हुई। जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला खनिज न्यास की सहायता से और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए आवश्यक निर्देश दिए गये। बैठक में टीबी के मरीजों के लिए प्रत्येक सप्ताह टी बी यूनिट के कर्मचारी की ड्यूटी लगाने, पोस्टमार्टम के लिए गृह विभाग से अनुमति लिए जाने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से प्राप्त राशि के उपयोग के संबंध में, प्रसव के अंतर्गत आपातकालीन सर्जरी के लिए 25 अतिरिक्त एसएन की आवश्यकता, जिला खनिज न्यास से आवश्यक सहयोग लेने कलेक्टर को प्रस्ताव भेजने के संबंध में, अस्पताल उन्नयन के लिए छत्तीसगढ़ मेडिकल कॉरपोरेशन से प्राक्कलन बनाकर मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को भेजने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन दुर्ग में कार्यरत बायोमेडिकल इंजीनियर का उपयोग करने पर चर्चा एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

# जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन, बच्चों के भविष्य निर्माण में अभिभावकों की अहम भूमिकाः रामविचार नेताम

पायनियर संवाददाता | बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम मुख्य आतिथ्य एवं सामरी विधायक उधेश्वरी पैकरा विशिष्ट आथित्य के रूप में शामिल हुए, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में अयोजित कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, स्कूल बैग एवं गणवेश प्रदान कर शाला प्रवेश कराया गया। साथ ही कक्षा 9वीं में प्रवेशित छात्राओं को सरस्वती सायकल योजनान्तर्गत सायकल प्रदान किया गया। इसी प्रकार 10वीं एवं 12वीं कक्षा के राज्य स्तरीय टॉपर छात्र-छात्राओं को लैपटॉप तथा जिला स्तर पर 10वीं एवं 12वीं में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राम विचार नेताम ने कहा कि बच्चों की भविष्य निर्माण में अभीभावको की अहम भूमिका होती है तभी उनकी उन्नति और प्रगति हो पाती है। संबोधित करते हुए कलेक्टर रिमिजियुस एक्का कहा कि नये शैक्षणिक सत्र हेतु विद्यालयों,आश्रम/ छात्रावासों में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। साथ ही बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त हो,इसके लिए शिक्षकों की शत-प्रतिशत् उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग की जावेगी। साथ ही जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा स्कूलों का नियमित निरीक्षण करेंगे,ताकि स्कूलों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। वहीं शिक्षा विभाग के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया था जिसमें अतिथियों के साथ पुलिश अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल पूर्व सांसद कमलभान सिंह, पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा, गणमान्य नागरिक रामकिशुन सिंह, जनपद पंचायत सदस्य भानु प्रकाश दीक्षित सहित गणमान्य नागरिक, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**कृषि मंत्री ने महाविद्यालय में किया वृक्षारोपण** -कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने सनावल महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम''अभियान के तहत् आम, पीपल, बरगद, नीम, मालाबार नीम, लीची सागौन नाशपाती आदि का पौधारोपण किया। नेताम ने महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों से पौधे की सुरक्षा करने की ज़िम्मेदारी के साथ संरक्षित कर प्रत्येक व्यक्ति अपने घरों के आसपास, गमलों में छोटे-छोटे पौधे लगाने से हम सबकी सहभागिता पर्यावरण संरक्षण में महती भूमिका निभा सकती है।

**संपूर्णता अभियान की नेताम ने दिलाई शपथ**

कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने आकांक्षी विकासखण्ड के तहत सम्पूर्णता अभियान की रूप-रेखा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरका के नीति आयोग द्वारा चयनित 400 ब्लॉकों में शंकरगढ़ ब्लॉक का भी चयन आकांक्षी ब्लॉक के रूप में किया गया है। नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानकों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के लिए निरंतर कार्य एवं समीक्षाएं की जा रही है। इस अभियान को सफ्ल बनाने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों का सहयोग अपेक्षित है, तभी हम आकांक्षी विकासखण्ड के सभी निर्धारित मानको को उच्चतम स्तर तक पहुंचा सकेंगे। रामविचार नेताम ने उपस्थित अतिथियों,गणमान्य नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों,स्कूली बच्चों सहित आम नागरिकों को संपूर्णता अभियान को सफ्ल बनाने के लिए सहभागिता निभाने की शपथ दिलाई।

**नेताम ने मशाल यात्रा का किया गया शुभारंभ**-मंत्री रामविचार नेताम व उपस्थित अतिथियों ने मशाल जलाकर कलेक्टर को सौंपा। मशाल का उद्देश्य समुदाय के बीच जागरूकता लाना और लोगों को अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। यह मशाल संपूर्णता अभियान कि शुरूआत को एक नई उर्जा और उत्साह प्रदान करेगा। जिससे ग्रामीण समुदाय के लोग जागरूकता के साथ-साथ समग्र विकास के मुख्य धारा से जुड़ पायेंगे।

**लाभांवित हितग्राहियों को मिला योजनाओं लाभ** -कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत पूर्ण आवासों के हितग्राहियों में ग्राम पंचायत हरिगवां के भूखना एवं ग्राम पंचायत करासी के जगरनाथ को चाभी सौंपा साथ ही अन्य हितग्राहियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के 10 को आयुष्मान कार्ड,सिकलसेल के 09 मरिजों को दिव्यांगता प्रमाण,कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण कार्ड,महिला बाल विकास विभाग द्वारा नोनी सुरक्षा योजना अंतर्गत लाभान्वित किया गया।

# मौसम की वजह से होने वाली बीमारियों की संभावना को देखते हुए

## खाद्य सुरक्षा टीम का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता | दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पदेन उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला दुर्ग के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा जिले में फैले डायरिया और बरसाती मौसम में संक्रमित खाद्य पदार्थों की वजह से होने वाली बीमारियों की संभावना के मद्देनजर खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का व्यवसाय करने वालों समेत शहर एवं गांव के समस्त छोटे बड़े होटलों में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए औचक निरीक्षण जारी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन से मिली जानकारी अनुसार निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों के सही रख-रखाव पीने के पानी का उचित पात्र में साफ स्वच्छ जल का भण्डारण करने, खाद्य पदार्थों का मक्खी से बचाव हेतु ढ़क कर रखने अखाद्य रंग का उपयोग न करने खाद्य रंग का सीमित मात्रा में उपयोग करने, अखबारी पेपर का उपयोग न करने फ्रेश तेल में तीन बार से अधिक खाद्य पदार्थों को न तलने हेतु हिदायत दी गई है। साथ ही 02 जुलाई 2024 से लगातार जिला दुर्ग में संचालित दुध एवं दुध उत्पाद विक्रेता फर्मो की निरीक्षण एवं नमूना संकलन की कार्यवाही जारी है। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से जांच की जा रही है। अवमानक, मिथ्याछाप एवं असुरक्षित पाये जाने पर नियमानुसार विधिक नमूना संकलित कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर को प्रेषित की जा रही है। इसी क्रम मेसर्स वृदावन होटल पुलगांव से पनीर बटर मसाला एवं पकी हुई दाल, डीडी फुड्स नगपुरा से लिची फ्रूट जूस व जीरा सोडा, ग्राम अंडा से पानी पाउच एवं सांई कृपा डेयरी जुनवानी से पनीर, मिल्क पार्लर स्मृति नगर से दही, मां दुर्गा डेयरी नेवई से खुला दुध व निराला दुध संकलन केंद्र पाटन से लूज दूध का नमूना जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर को प्रेषित की गई है। जय जलगांव दुग्ध डेयरी स्टेशन रोड दुर्ग व मातृछाया फाउण्डेशन ग्राम पंहडोर, शिओम सात्विक लिमिटेड ग्राम घुघवा का औचक निरीक्षण किया गया। जांच प्रतिवेदन प्राप्ति उपरांत नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। इस सप्ताह चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से जागकरूकता स्वरूप कुल 84 नमूना जांच की गई जिसमें अवमानक एवं मिथ्याछाप पाये गये खाद्य पदार्थों के बारे में पायी गई कमियों को सुधारने हेतु निर्देशित किया गया है।

# जान लेवा 3 बीमारी, सतर्कता और जागरूकता से बचा सकते है खुद की और दूसरों की जान

पायनियर संवाददाता | रिसाली
www.dailypioneer.com





निचली बस्ती हो या फिर पॉश कालोनी मच्छर का प्रकोप हर जगह होता। मच्छर के काटने से डेंगू, चिकन गुनिया, मलेरिया जानलेवा बीमारी समेत फाइलेरिया से बचाव हम खुद कर सकते है। जरूरत है सप्ताह में एक दिन बस आधा घंटा समय की। यह समय न केवल स्वयं को स्वस्थ्य रखेगा बल्कि महामारी को पनपने से रोकेगा। शुक्रवार को नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा और जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.सी. बंजारे ने कार्यशाला में बचाव के तरीकों को विस्तार से बताया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर, आजीविका विभाग के सिटी मिशन प्रबंधक, सी.आर.पी समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। खास बात यह है कलेक्टर ऋचा प्रकाश चैधरी फाईट द बाइट अभियान को प्राथमिकता से जिले में लागू किया है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा कि कर्मचारी प्रत्येक बुधवार को अपने कार्य स्थल पर सफाई करे और रविवार को अपने घर और आस पड़ोस में आधा घंटे समय खुद के लिए निकालने प्रेरित अवश्य करे। वहीं जिला मलेरिया अधिकारी ने बचाव के तरीके को विस्तार से बताया।

**आप आधा घंटे में यह करे**- सबसे पहले कूलर को साफ करें। अगर आपको कूलर के टैंक में लार्वा या फिर कूलर में कीड़े नजर आए तो टेमीफॉस डाले ओर 1 घंटे तक कूलर में लगे टुल्लू पंप को चालू रखे। इसके बाद पानी को खाली कर दे। घर के आंगन, किचन गार्डन और छत को अच्छे से देखे कि ऐसा कोई बर्तन, खिलौना का टुकड़ा या फिर ऐसा कोई चीज तो नहीं पड़ा है, जिसमें बारिश का पानी जमा हो। घर के परिसर में खुले में डस्टबीन रखा है तो उसे ढक कर रखे। घर के आस पास पानी ठहराव न होने दे। अनदेखी करने पर होगी कार्रवाई, आयुक्त मोनिका वर्मा ने निगम के स्वास्थ्य और राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि घरों में टेमीफॉस दवा उपलब्ध कराए। साथ ही बीमारी से बचने के तरीके को बताए। अगर लापरवाही होती है तो महामारी एक्ट के तहत पहली बार 500 दूसरी बार 1000 तीसरी बार 2000 जुर्माना वसूल करे। इसके बाद भी घरों में अगर लार्वा मिला तो बिना सूचना के नल कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई करे।

**मदिरा दुकानों के लिए किराये की भवन-दुर्ग।** जिले की विदेशी मंदिरा दुकानों के लिए भवन किराये पर लिये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। मदिरा दुकानों की जानकारी एवं निविदा शर्तें/फार्म कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी (उप महाप्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड दुर्ग) से 18 जुलाई 2024 तक समस्त कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त की जा सकती है। निविदा 18 जुलाई 2024 को सायं 3 बजे तक कार्यालय में जमा किया जा सकेगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Tel. No. - 07727-223138 E-mail : cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक/204/लो.नि.वि./न.पा.प./2024 बलौदाबाजार, दिनांक 05/07/2024

**// द्वितीय मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को निकाय मद के लिए विभिन्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/व्यक्ति/संस्था/फर्म को निम्नांकित कार्य हेतु मैन्यूअल निविदा प्रपत्र-''अ'' त्री-लिफाफा पद्धति से मोहरबंद लिफाफा स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डॉक के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैः-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 18.07.2024, समय-शाम 05:00 बजे तक।
02. निविदा प्रारूप में पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 24.07.2024, समय-दोपहर 03:00 बजे तक।
03. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि - 25.07.2024, समय-शाम 02:00 बजे।

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) |
| --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 |
| 01. | विभिन्न वार्डों में सी.सी.रोड निर्माण कार्य। | 10.39 |
| 02. | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 04.66 |
| 03. | विभिन्न वार्डों में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 59.14 |

टीप :- 01. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in/UADTenderUploder/HomeReports.aspx# से डाऊनलोड कर सकते हैं, साथ ही निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित शुल्क डी.डी. के माध्यम से जमा किया जाना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा की स्थिति में टेण्डर नहीं खोला जायेगा।
02. निविदा की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल एवं लोक निर्माण विभाग शाखा से प्राप्त किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार**

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (जोन क्र. 10)**
अमलीडीह, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com
पत्र क्रं./12571/न.पा.नि./जोन क्रं.-10/2024 दिनांक 02.07.2024

**-: इश्तिहार :-**

नामांतरण प्र.क्र. 12571 वार्ड का नाम-52 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445G00189** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती ASHOK CHANDRAKAR पिता/पति श्री/श्रीमती HARI RAM CHANDRAKAR** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री/श्रीमती JYOTI CHANDRAKAR पिता/पति श्री/श्रीमती RAHUL KUMAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सहपत्र, शपथ पत्र, दानपत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

मुहर

**श्री दिनेश कोसरिया**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 10 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## संपादकीय

### ऋषि सुनक कठोर परीक्षा

**ब्रिटेन के चुनाव** में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कठोर परीक्षा है। ब्रिटेन ने 'हाउस आफ कामन्स' में 650 प्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान कर दिया है जो अगले प्रधानमंत्री को चुनेंगे। ब्रिटेन इस समय महत्वपूर्ण मोड़ पर है। वह अनेक समस्याओं का सामना कर रहा है जिसमें आर्थिक गिरावट, स्वास्थ्यरक्षा तथा ब्रेक्सिट के बाद पैदा कठिनाइयां शामिल हैं। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मतदाताओं से हार्दिक अपील की है कि वे ब्रिटिश राजनीति पर 'लेबर का प्रभुत्व' समाप्त करें। मजेदार बात है कि कंजरवेटिव पार्टी पिछले 14 साल से सत्ता में है, पर उसने अपने वादे ठीक से पूरे नहीं किए हैं। मध्य से दक्षिण की ओर झुकाव वाली कंजरवेटिव पार्टी ने वैश्विक आर्थिक संकट के बीच सत्ता संभाली थी। लेकिन उसका कार्यकाल आर्थिक गतिरोध, सार्वजनिक सेवाओं में गिरावट तथा अनेक घोटालों का शिकार हो गया जिसके कारण उसे वामपंथ तथा दक्षिणपंथ से आलोचना का शिकार होना पड़ रहा है। आम चुनाव ब्रिटिश राजनीति के लिए केन्द्रीय महत्व वाले हैं। इसमें ऋषि सुनक के नेतृत्व में कंजरवेटिव पार्टी कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी का मुकाबला कर रही है। दोनों पार्टियों के देश की समस्याओं पर विचार एक-दूसरे से एकदम उलट हैं। ब्रिटेन अब भी ब्रेक्सिट के कारण पैदा हालात से निपट रहा है जिसके नकारात्मक परिणाम निकले हैं और जिनका खामियाजा जनता व सरकार को समान रूप से भुगतना पड़ा है। एक समय विश्व शक्ति रहा ब्रिटेन आज वैश्विक परिदृश्य में केवल अमेरिका के एक सहयोगी तक सीमित हो गया है जिससे उसके अंतरराष्ट्रीय कद पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसलिए वर्तमान संघर्ष केवल संसद में सीटों के लिए न हो कर देश की दिशा के बारे में भी है।



ऋषि सुनक के अभियान में स्थायित्व व निरंतरता की भावनाओं को केन्द्रीय स्थान मिला है। उन्होंने कोविड-19 के पश्चात आर्थिक बहाली समेत ब्रिटेन के समक्ष उपस्थित जटिल चुनौतियों का सामना करने के लिए 'मजबूत शक्ति' की आवश्यकता पर जोर दिया है। इनमें वर्तमान समय में जारी व्यापार वार्तायें तथा राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखना भी शामिल हैं। मतदाताओं के लिए सुनक का संदेश है कि हमें एकसाथ मिल कर एक मजबूत व ज्यादा समृद्ध ब्रिटेन बनाना चाहिए। सुनक ने लेबर की नीतियों की कटु आलोचना की है जिन्होंने देश को संकटग्रस्त तथा आर्थिक रूप से विभाजित बना दिया है। उन्होंने स्वयं को ऐसे नेता के रूप में पेश किया है जो संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए रोजगारों की रक्षा के साथ बिजनेस का समर्थन करते हुए यह सुनिश्चित कर सकता है कि आर्थिक प्रगति का रास्ता टिकाऊ बने। कंजरवेटिव घोषणापत्र में कर रियायतों, ढांचागत संरचना में अधिक निवेश तथा आप्रवास व राष्ट्रीय सुरक्षा पर कठोर दृष्टिकोण अपनाने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है। यह चुनाव निश्चित रूप से ऋषि सुनक के लिए 'लिटमस टेस्ट' है। वे ब्रिटेन के पहले गैर-श्वेत प्रधानमंत्री बने जिससे उनकी राजनेता के रूप में क्षमता प्रदर्शित होती है। लेकिन इस समय उनके समक्ष सबसे बड़ी चुनौती अर्थव्यवस्था का प्रबंधन तथा लोगों को करों के बोझ से मुक्ति दिलाना है। दूसरी ओर लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर ने परिवर्तन व पुनर्जीवन के लिए अभियान चलाया है। स्टार्मर ने कल्याणकारी व्यवस्था में समग्र सुधारों की बात करते हुए कम-आय वाले परिवारों को समर्थन तथा सार्वजनिक क्षेत्र में व्यापक वेतन वृद्धि से जनजीवन का खर्च घटाने का वादा किया है। इस चुनाव के परिणाम न केवल अगली सरकार, बल्कि आगे वाले वर्षों में ब्रिटेन की दिशा भी तय करेंगे।

# पाकिस्तान में चरमपंथियों का उभार

पाकिस्तान में आतंकवादी शक्तियों के खतरनाक उभार के कारण 'आपरेशन अज्मे इस्तिहकाम' शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य आतंकवाद का सफाया है।



**भोपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)



पाकिस्तान में आतंकवादी शक्तियों के खतरनाक उभार के कारण सरकार और पाकिस्तानी सेना द्वारा 'आपरेशन अज्मे इस्तिहकाम' शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य आतंकवाद का सफाया है। यह परिघटना पाकिस्तान के लिए बहुत खतरनाक सिद्ध हो रही है। अनेक राजनीतिक-सामजिक विश्लेषकों की राय है कि पाकिस्तानी विमर्श में हमेशा धर्मगुरुओं ने केन्द्रीय भूमिका निभाई है। ऐतिहासिक रूप से 'मुल्लाओं' के व्यापक व अमिट प्रभाव के कारण पाकिस्तान के अनेक संस्थान प्रभावित हुए हैं। इनमें सैनिक अवस्थापना, राजनीतिक पार्टियां, सिविल सोसाइटी, अकादमिया, आदि सभी शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक अपने-अपने तरीके से 'शुद्धतावाद' से प्रभावित हुई है। हालांकि इस प्रकार उन्होंने स्वयं को पाकिस्तान या 'शुद्ध लोगों की भूमि' को प्रभावित करने के प्रयास किए हैं। लेकिन यह भी उल्लेखनीय है कि इनमें से अनेक संस्थानों के निजी रूप से उद्देश्य तथा दिशा एकदम विपरीत दिशा में जाती दिखी है। संस्थानों की ये प्रवृत्तियां और दिशायें धर्मगुरुओं की पदानुक्रम वाली व्यवस्थाओं से परिभाषित हुई हैं।

इन संस्थानों ने धार्मिक रूप से ऐसी दिशा अपनाई जिससे न केवल उनके घोषित उद्देश्यों को नुकसान पहुंचा, बल्कि उन्होंने अपनी वैधता और प्रासांगिकता भी एक बड़ी सीमा तक खो दी। इस प्रकार अनेक प्रकार के कट्टरपंथी दृष्टिकोण व विकृतियों का शिकार होने के कारण उनके चरित्र में व्यापक बदलाव आया। 'पैंडोरा पेपर्स' या 'पनामा लिस्ट' में कुख्यात पाकिस्तानी संगठनों की लंबी सूची पर सरसरी नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि पाकिस्तानी विशिष्ट लोगों की क्या स्थिति रही है। ऐसे विशिष्ट तत्व सार्वजनिक रूप से सरलता, कम खर्च, ईश्वर के प्रति भय तथा ईमानदारी का प्रदर्शन करते रहे, पर इनकी वास्तविक स्थिति एकदम विपरीत थी। इस प्रवृत्ति के कारण पाकिस्तानी अभिजात वर्ग का कुख्यात दोमुंहापन सामने आया जो अपनी अवैध रूप से एकत्रित संपत्तियों के कारण शानदार स्थिति में थे, बल्कि दुनिया में अनेक हिस्सों में अन्याय और अत्याचार का कारण भी बने थे। इसके साथ ही वे अपने देश में धार्मिक अतिवाद व जहरीले ढंग से विकृत धार्मिकता का प्रचार भी करते थे।

जहां सभी चीजें झूठ पर आधारित हों वहां धर्म का आवरण जनता को भरमाने के लिए बहुत जरूरी सिद्ध हुआ है। इसके माध्यम से वे अरब के शेखों या तुर्की पर निर्भर होते गए। इसके लिए 'इस्लामी देशों के भाईचारे' का नाम लिया गया। वर्तमान समय में पाकिस्तान में सत्तारूढ़ 'शरीफ परिवार' तथा सामंती 'भुट्टो परिवार' स्वयं को धार्मिक रूप से आदर्श दिखाते हैं, पर इसके साथ ही वे पश्चिमीकृत जनरलों के लिए बेचैनी भी पैदा करते हैं जो लगातार जनता के गुस्से का सामना कर रहे हैं।

इन राजनीतिक परिवारों की दोमुंही रणनीति के कारण पाकिस्तानी सैनिक अवस्थापना लगातार गुस्सा, लंबी दाढ़ी वाले, हथियारबंद और मदरसों में शिक्षित नौजवान कबीलाइयों के गुस्से का शिकार बन रही है। आज संभवतः पाकिस्तानी अभिजात वर्ग की यह क्षमता स्पष्ट हो गई है कि वह अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए यह दुहरा खेल खेलने में सक्षम है। पाकिस्तानी अभिजातों ने न केवल जनता को चरमपंथी बनाया है, बल्कि उनको 'ओलिव ग्रीन' या सेवकों के रूप में विस्तार दिया गया है। लेकिन ऐसे लोग अब किसी का आदेश मानने को तैयार नहीं हैं और सबसे बुरी बात है कि वे अपने 'पालकों' के खिलाफ भी उठ खड़े हुए हैं। 'तालिबान' जैसे संगठन चालाक राजनेताओं, अनैतिक जनरलों तथा बेलगाम धर्मगुरुओं का संयुक्त उत्पाद हैं, लेकिन अब वे अपने ही आकाओं से आदेश लेने को तैयार नहीं हैं। वैसे तो 'तालिबान' जैसे उत्पाद निर्यात बाजार के लिए तैयार किए गए थे, पर अब उनको फिर अपने ही देश में आयात किया जा रहा है। पाकिस्तानी अभिजात वर्ग ने अंततः समझ लिया है कि वह 'अच्छे तालिबान' और 'बुरे तालिबान' में अंतर नहीं कर सकता है और वे सभी केवल 'तालिबान' हैं। इसका कारण प्रशासन में धर्म को अत्यधिक व्यापक स्थान मिल गया है।

आतंकवाद ने पाकिस्तान को 'भीतर से' ऐसे तत्वों के माध्यम से जकड़ लिया है जो उसे लगातार एक 'दुष्ट राज्य' में बदल रहे हैं। अब अभिजात लोगों की समझ में आ गया है कि उनको न केवल आतंकी तत्वों से सीधे निपटना होगा, बल्कि उसे वह 'आक्सीजन' भी बंद करनी होगी जिससे ये तत्व फलते-फूलते हैं। इस प्रकार की आक्सीजन पाकिस्तानी यथार्थ के हर क्षेत्र में धर्म पर अत्यधिक जोर देने के रूप में सामने आई है। हालांकि, अभिजात वर्ग ने पहले भी कई बार परोक्ष रूप से आतंकवाद पर हमला बोला है, पर इसके बावजूद यह फल-फूल रहा है। अब पाकिस्तानी अवस्थापना ने 'आपरेशन अज्मे इस्तिहकाम' शुरू किया है जिसका उद्देश्य आतंकवादियों तथा धार्मिक अतिवादियों का सफाया कर समग्र व व्यापक रूप से समाज को चरमपंथ से मुक्त करना है। लेकिन यह करने की तुलना में कहना ज्यादा आसान है क्योंकि 'धार्मिकता' की जड़ें बहुत गहरी हो गई हैं। 'अति-धार्मिकता' के नकारात्मक प्रभावों की यह स्वीकार्यता महत्वपूर्ण है, हालांकि आने वाला समय ही बताएगा कि यह इच्छा वास्तव में गंभीर है या केवल दिखावा है।

इससे इस्लामवादी राजनीतिक पार्टियों की भूमिका घटेगी जिनमें मौलाना फजलुर रहमान की जमीयत उलेमाए इस्लाम है। इसके साथ ही अनेक मिलिशियाओं या नस्ली संगठनों की भूमिका भी कम होगी जो जनता में फैल गए हैं। ऐसी पार्टियों ने न केवल विदेशी 'वहाबीवाद' व 'सलाफीवाद' का आयात किया है, बल्कि वे यह सुनिश्चित करने में लग गई हैं कि पाकिस्तानी 'अवस्थापना' अशांत क्षेत्रों में आतंक-विरोधी कार्रवाइयां धीमी करे। पाकिस्तान के प्रति निष्ठा तथा नागरिकों की सुरक्षा जैसी बातें करने के साथ ही वे सैनिक कार्रवाइयां न करने की पैरवी भी करते हैं। इस प्रकार वे कुंए और खांई के बीच फंस गए हैं क्योंकि अब सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा न होने के कारण पाकिस्तान सरकार उनकी बात मानने को तैयार नहीं है।

तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी जैसे संगठन भी उनकी सुनने को तैयार नहीं हैं क्योंकि वे ज्यादा आक्रामकता के साथ धार्मिक व चरमपंथी संगठनों का समर्थन प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद ये धार्मिक पार्टियां एकजुट होकर 'आपरेशन अज्मे इस्तिहकाम' के खिलाफ 'प्रतिरोधी आंदोलन' खड़ा करने की तैयारी कर रही हैं, हालांकि उनके साथ ज्यादा साझीदार नहीं हैं। आर्थिक रूप से पाकिस्तान को 'विफल राष्ट्र' के दर्जे से बाहर निकालने वाली शक्तियां धार्मिक पार्टियों के एजेंडों के खिलाफ हैं। इनमें चीन, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष, विश्व बैंक, पश्चिमी देश और यहां तक कि अरब के शेख भी शामिल हैं।

खासकर चीन पाकिस्तान को 'विफल राष्ट्र' के खांचे से बाहर निकालना चाहता है क्योंकि उसने वहां भारी निवेश किया है। पाकिस्तान के तथाकथित 'आयरन ब्रदर' चीन ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपीईसी में 62 बिलियन डालर से अधिक धनराशि का निवेश किया है। वे इस क्षेत्र को किसी प्रकार भी धार्मिक-अतिवादी बलूच विद्रोहियों के कब्जे में नहीं जाने देना चाहते हैं जो चीनी हितों पर अपने 'पवित्र अधिकारों' के नाम पर हमले कर रहे हैं। बलूच विद्रोहियों या 'राष्ट्रवादियों' का मानना है कि चीन उनकी भूमि के संसाधन लूट रहा है और इसी कारण वे उसका विरोध कर रहे हैं। मध्यपूर्व के देशों का जुड़ाव 'मुस्लिम ब्रदरहुड' तथा मिस्र, जार्डन, कुवैत व सऊदी अरब में उससे जुड़े संगठनों से है। वे भी इस मामले में एकजुट हो गए हैं।

अब काबुल की तालिबान सरकार बाहरी शक्तियों से संबंध सुधार रही है और वह पाकिस्तानी 'खैरात' पर निर्भर नहीं रह गई है। अफगानों ने पाकिस्तान में मदरसों से पढ़े नौजवानों के साथ अपने ऐतिहासिक समीकरण ठीक किए हैं। इन सबसे पाकिस्तान में धार्मिक पार्टियों की प्रासांगिकता घट रही है।

यदि पाकिस्तानी इस अवसर का लाभ उठाना चाहें तो वे आतंकवाद व अतिवाद का मुकाबला कर अपनी ऐतिहासिक गलतियों से मुक्ति पा सकते हैं। लेकिन यह काम आसान नहीं है और 'आपरेशन अज्मे इस्तिहकाम' तथा पाकिस्तानी अवस्थापना द्वारा उसके समर्थन पर नजर रखनी होगी।

# एससीओ सम्मेलन में सामरिक गतिशीलता

> जैसे-जैसे चीन एससीओ के भीतर अपना प्रभाव जमाता जा रहा है, भू-राजनीति का परस्पर प्रभाव तेजी से दिखाई दे रहा है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



शंघाई सहयोग संगठन या एससीओ ने इस सप्ताह राष्ट्राध्यक्षों की अपनी 24वीं बैठक आयोजित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जिन्हें द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर भारत को महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है, ने अपने देश में संसदीय जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए इस क्षेत्रीय वार्ता को छोड़ दिया। हालांकि, कई लोग यह भी बताते हैं कि पाकिस्तान और चीन के साथ ठंडे रिश्ते, जिनके दोनों शीर्ष नेतृत्व एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए मौजूद थे, उन कारणों में से एक था जिसके कारण पीएम मोदी ने कजाकिस्तान के अस्ताना की यात्रा करने से परहेज किया। शिखर सम्मेलन के लिए भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस जयशंकर ने किया, जहां उन्होंने कई एससीओ मध्य एशियाई सदस्य देशों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं।

यूरेशियन अंतर-सरकारी समूह के रूप में एससीओ की घोषणा जून 2001 में चीन में की गई थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में पूर्ण सदस्य के रूप में एससीओ में शामिल हुए। वर्तमान में, एससीओ में 9 सदस्य देश, 3 पर्यवेक्षक देश और 14 संवाद साझेदार हैं, जो उभरते आर्थिक भूगोल के एक पूरे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो वर्तमान भू-राजनीतिक विकास के रंगमंच पर कब्जा करते हैं। रूस और चीन के साथ चार पड़ोसी मध्य एशियाई देश इसके संस्थापक सदस्य हैं।

हालांकि बाद में ईरान के सदस्य के रूप में शामिल होने के साथ ही कुवैत, कतर, मिस्र, सऊदी अरब, तुर्की, बहरीन, म्यांमार और मालदीव संवाद साझेदार के रूप में शामिल हो गए, जिससे यह देखा जा सकता है कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने के लिए स्ट्ह एक महत्वपूर्ण मंच क्यों है। रूस यूक्रेन के साथ लंबे समय से युद्ध में उलझा हुआ है, जबकि मध्य पूर्व और



पश्चिम एशिया के अधिकांश देश इजरायल-हमास युद्ध में घनिष्ठ रूप से शामिल हैं। चीन शुरू से ही संवाद पर हावी होने की कोशिश कर रहा है और इसे कई लोग अपनी संप्रभुता को खतरे में डालने वाली विदेश नीति के कूटनीतिक विस्तार के रूप में देख सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, यह एक कमज़ोर रूस को अपने पाले में लाने में कामयाब रहा है और स्ट्ह को एक वैकल्पिक बहुपक्षीय संवाद मंच के रूप में पेश कर रहा है जो विश्व मामलों पर अमेरिकी नियंत्रण को चुनौती दे रहा है। अस्ताना स्ट्ह शिखर सम्मेलन की तैयारी में, चीनी सरकारी मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने शिखर सम्मेलन के गुणों की प्रशंसा करते हुए कुछ रिपोर्टें छापीं।

चीन के रेनमिन विश्वविद्यालय में वित्तीय अध्ययन के लिए चोंगयांग संस्थान के वरिष्ठ शोधकर्ता झोउ रोंग ने लिखा, यह पश्चिमी दुनिया को संदेश देता है कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं से कई अलग-अलग आवाज़ें हैं जिन्हें सुनने और प्रतिनिधित्व करने की आवश्यकता है, और वैश्विक सहयोग की मुख्यधारा की प्रवृत्ति उनके अवरोध से उलट नहीं जाएगी। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कजाकिस्तान और ताजिकिस्तान की दो राजकीय यात्राओं के साथ एससीओ शिखर सम्मेलन को भी जोड़ा, जिससे मध्य एशियाई राज्यों में इसके पदचिह्नों का विस्तार हुआ। राज्य मीडिया ने वैश्विक दर्शकों को याद दिलाया कि कजाकिस्तान, वह जगह है जहां 2013 में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल प्रस्तावित की गई थी। जिसने पिछले दशक में चीन को भूमि से घिरे मध्य एशिया में रणनीतिक बुनियादी ढांचे के पदचिह्न सुरक्षित करने में कामयाब किया।

कुछ विश्लेषकों के हवाले से ग्लोबल टाइम्स ने रिपोर्ट किया मध्य एशिया, क्क्ष्ठ के कार्यान्वयन में प्रमुख क्षेत्रों में से एक के रूप में, इस बात का ज्वलंत उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे चीन द्वारा प्रस्तावित वैश्विक सार्वजनिक अच्छाई भूमि से घिरे क्षेत्र को भूमि से जुड़े क्षेत्र में बदल रही है, इसे यूरेशियन महाद्वीप को जोड़ने वाले पुल में बदल रही है। पिछले एक दशक में पीएम मोदी का फोकस मध्य और पश्चिम एशिया रहा है। भले ही पीएम मोदी ने अस्ताना शिखर सम्मेलन से परहेज किया हो, लेकिन उम्मीद है कि वे राष्ट्रपति पुतिन के साथ 'यूक्रेन के बाद' द्विपक्षीय बैठक के लिए रूस की यात्रा करेंगे, उसके बाद ऑस्ट्रिया में रुकेंगे, जो लगभग चार दशकों में पहली बार होगा। राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी, जो दोनों चुनाव के बाद सत्ता में लौटे हैं, के साथ बैठक पर बारीकी से नजर रखी जाएगी, क्योंकि यह यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों द्वारा रूस के अलग-थलग पड़ने के बाद पहली आमने-सामने की बैठकों में से एक होगी।

यह पहली ऐसी बैठक भी होगी, जिसमें गाजा पर चल रहे इजरायल के हमले और संघर्ष से ग्रस्त, कोविड के बाद की दुनिया में विकसित हो रही भू-राजनीतिक स्थिति सहित क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। क्षेत्रीय मंच के नजरिए से, भारत चीन और रूस भी ब्रिक्स में निकटता से बातचीत करते हैं। अगले कुछ हफ्तों में होने वाली बातचीत पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।

## आप की बात

### सोरेन की रणनीति

**हेमंत सोरेन** ने जेल से जमानत पर रिहा होते ही आनन फानन में फिर से मुख्यमंत्री पद संभाल लिया है। उधर केजरीवाल जेल में बंद होने के बावजूद मुख्यमंत्री बने हुए हैं। जो कि एक हास्यास्पद स्थिति है। सिर्फ कुर्सी मोह के कारण केजरीवाल ने सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए लोलुपता की पराकाष्ठा कर दी है। हालांकि, हेमंत सोरेन का जल्द से जल्द मुख्यमंत्री बनना यह दर्शाता है कि कर्सी से दूर रहने की विरह वेदना असह्य होती है। भले ही ईडी सुप्रीमकोर्ट मैं उनकी जमानत के खिलाफ अर्जी लगा रही है, मगर लगता है कि केजरीवाल की तर्ज पर हेमंत सोरेन भी अब फिर से जेल जाने पर भी मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ेंगे। वर्तमान समय में हर वक्त हर उच्च पद पर बैठे व्यक्ति की टांग खींचने के लिए उनके ही अपने लोग तैयार बैठे रहते हैं। बिहार के जीतनराम मांझी इसके उदाहरण हैं, जब नीतीश के कहने पर उन्होंने उनके द्वारा दिया मुख्यमंत्री पद छोड़ने से इनकार कर दिया था। अरविंद केजरीवाल को यह विश्वास नहीं है कि यदि वे अपने स्थान पर किसी को मुख्यमंत्री बना दें तो वह फिर उनके लिए कुर्सी खाली कर देगा। शायद हेमंत सोरेन को भी यही डर सता रहा होगा और इसी कारण उन्होंने मौका मिलते ही फिर मुख्यमंत्री बनने की रणनीति अपनाना ज्यादा पसंद किया।

**-सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### सुधा मूर्ति का सुझाव

**सांसद सुधा मूर्ति** ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के पश्चात् धन्यवाद प्रस्ताव पर कहा कि सरकार जब कोविड के समय उससे बचाव के लिए लोगों को टीके लगाने का अभियान विशाल स्तर पर चला सकती है तो महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए भी बड़े स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जाना चाहिए। महिलाओं को कैंसर से बचाना जरूरी है ताकि परिवार की खुशी बरक़रार रहे। पति को तो दूसरी पत्नी मिल सकती है किन्तु बच्चों को दूसरी माँ मिलना मुश्किल है। उन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया जिसकी सोशल मीडिया पर तहे दिल से तारीफ़हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए उसमें सुश्री सुधा मूर्ति के सुझाव का उल्लेख किया। इसका सुश्री मूर्ति ने खड़े होकर व हाथ जोड़ कर स्वागत किया। सुधा मूर्ति का यह सुझाव जन-समस्याओं के प्रति एक जागरूक महिला का दृष्टिकोण प्रदर्शित करने के साथ ही अनेक सांसदों को आईना दिखाने का काम भी करता है। यदि सभी सांसद राजनीतिक व चुनावी रणनीति के चलते आरोपों-प्रत्यारोपों के बजाय रचनात्मक भूमिका निभायें तो उनका सम्मान बढ़ेगा तथा भारत को विकसित देश बनाने में सहायता मिलेगी।

**- शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### भगदड़ से सबक

**भगदड़** से देश में कई बार तमाम लोगो की जानें चली गई। हाल ही में हाथरस में एक बाबा के सत्संग में मची भगदड़ के कारण 124 लोगों की जान चली गई। भगदड़ की इस तथा इसके पहले हुई घटनाओं से समुचित सबक लेकर मानक प्रक्रिया या प्रोटोकाल विकसित करने की जरूरत है। समय की मांग है कि इस तरह के आयोजनों के लिये सरकार उपयुक्त रणनीति बनाये। इस तरह के आयोजन के लिये आयोजकों को प्रशासन से मिल कर व्यवस्था करनी चाहिये ताकि लोगों को आने-जाने में कोई परेशानी न हो तथा किसी संकट के समय उनको सुरक्षित रूप से बाहर निकाला जा सके। यह भी तत्काल सुनिश्चित करना जरूरी है कि यदि बंद स्थल या खुले मैदान में प्रशासन द्वारा स्वीकृत संख्या से अधिक लोग आएं तो उस आयोजन को फौरन स्थानीय स्तर पर रद्द किया जाना चाहिए। यह बात खासकर धार्मिक आयोजनों पर लागू होती है क्योंकि कई बार स्थानीय प्रशासन इनके खिलाफ सक्रिय कार्रवाई नहीं कर पाता है। उम्मीद है कि हाथरस जांच के लिए गठित पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता वाला आयोग इस संबंध में समुचित सुझाव देगा। इन सुझावों के आधार पर मानक प्रक्रिया तैयार कर उसका कठोर क्रियान्वयन सुनिश्चित होना चाहिए।

**कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, उन्नाव

### नए आपराधिक कानून

**नए आपराधिक कानून** कई नई तकनीकों और एआई या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आ जाने के बाद बहुत ही आवश्यक थे। ऑनलाइन सुनवाई, बयान लेने व सभी अदालती कार्यवाहियों में उत्कृष्टतम तकनीक को मान्यता देने से तीव्र गति से सटीक जांच हो पाएगी। इसके कारण होने वाले निष्पक्ष और सूक्ष्म-विश्लेषण से न्यायाधीशों को फैसला लेने में बड़ी सुविधा होगी। नई तकनीकों के प्रयोग तथा फारेंसिक विशेषज्ञता के अधिकाधिक उपयोग से विभिन्न एजेंसियां भी अधिक सटीकता और शीघ्रता से अपराधियों के खिलाफ साक्ष्य खोज पाएगी। लेकिन इसके लिए पुलिस, प्रशासन, फारेंसिक और न्यायालय प्रक्रियाओं की तत्परता भी बढ़ानी होगी। पुलिसजनों की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने तथा उनको लैपटाप व अन्य आवश्यक उपकरणों से लैस करने के साथ ही तीव्र आवागमन की व्यवस्था भी करनी होगी। फॅरेंसिक लैबों की कमी को दूर करने के साथ लैबों में आधुनिक उपकरणों की मौजूदगी और विशेषज्ञों का प्रशिक्षण भी जरूरी होगा। नए कानूनों के त्वरित क्रियान्वयन से तस्वीर बदलेगी।

**- विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# जिला प्रशासन पहुंचा ग्रामीणों के द्वार, जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या से हुए रूबरू

## जिले का प्रथम जिला जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ ग्राम कुरदी में





### पीएम आवास के सर्वाधिक आवेदन

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में जनपद पंचायत गुंडरदेही को कुल 373 आवेदन प्राप्त हुए है, जिसमे सर्वाधिक आवेदन 302 पीएम आवास के है, और 55 मनरेगा सम्बंधी तथा 13 आवेदन स्वच्छ भारत मिशन के है। जिसमें 289 मौके पर ही निराकृत किये गए और 84 आवेदन लंबित है। वही राजस्व विभाग अर्जुन्दा और गुंडरदेही अंतर्गत 86 आवेदन ऐसे प्राप्त हुए, जो न्यायालयीन सम्बंधी है, जो अभी तक निराकृत नही हुए है। वही आय के 63, जाति के 27, निवास के 26 और ऋण पुस्तिका सम्बंधी 5 आवेदन प्राप्त हुए है। एसडीएम सुरेश साहू ने शिविर को सम्बोधित करते हुए बताया की जल्द ही न्यायालयीन सम्बंधी जो मामले पेंडिंग है, उसे जल्द ही निराकृत कर लिया जाएगा।

### मुआवजा राशि की मांग

शिविर में अर्जुन्दा नगर पंचायत के महेश कुमार गजेन्द्र पिता वैसाखू राम गजेन्द्र ने आवेदन में बताया कि मेरे पुत्र हितिक गजेन्द्र जो कि 8वीं कक्षा का छात्र था, मेरे नाम वार्ड नं. 6 में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था, जिसमें निर्माण कार्य चल रहा था, जिसमें 5 बजे पानी डालने हेतु गया था, उसी दौरान बिजली करेंट लग गया। बेहोशी की स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुन्दा भर्ती किया गया। अतः ईलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। तत्पश्चात उसको 6 मार्च 2024 पोस्टमार्टम हेतु गुंडरदेही ले जाया गया। पोस्टमार्टम के बाद उसके शव को हमें सौंपा गया, तत्पश्चात उसका दाह संस्कार किया गया। महेश ने बताया कि हितिक गजेन्द्र उनका एकलौता सुपुत्र था, हम लोग अत्यंत गरीब परिवार से है। मजदुरी कर अपना जीवन यापन करते हैं। महेश ने बताया कि शासन द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार की सहायता राशि नहीं प्रदान की गई है। महेश ने दुर्घटना मृत्यु मुआवजा राशि की मांग की हैं।

### कॉमर्स और आट्र्स शिक्षक की मांग

वही जैसे ही शिविर में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल पहुचे, तभी डुंडेरा हाईस्कूल के छात्र उनसे मिलने पहुचे और कॉमर्स एवं आट्र्स विषय के शिक्षक की मांग करते हुए उन्हें आवेदन सौपा। छात्रों में कलेक्टर को बताया कि उनके स्कूल में बीते 2 वर्ष से कॉमर्स एवं आट्र्स विषय के शिक्षक नही है। छात्रों ने बताया कि स्कूल में कुल 276 छात्र-छात्राएँ अध्यनरत है, जिसमें 12वीं में कॉमर्स के 18 छात्र है, जिन्हें कामर्स के शिक्षक नही होने की वजह से पढ़ाई में दिक्क त हो रही है।

### 2 वर्ष से लंबित नक्शा त्रुटि सुधार

ग्राम चीरचार निवासी परदेशी राम साहू पिता सावंत राम साहू ने कलेक्टर को आवेदन सौपते हुए बताया कि खसरा नं. 409 रकबा 0.02 हेक्टेयर को पंजीबद्ध रजिस्ट्री बैनामा 2 जून 1997 से क्रय किया है। पिता के मौत के बाद पुत्र परदेशी राम एवं अन्य 4 के नाम पर दर्ज है। जिसका ऑनलाइन नक्शा में 409 गायब है। परदेशी ने कलेक्टर से मांग की है कि खसरा नं. 409 रकबा 0.02 हेक्टेयर का नक्शा त्रुटि सुधारकर नक्शा दुरुस्त कर ऑनलाइन में जोड़ा जाए। परदेशी ने बताया कि बीते 2 वर्ष से वह नक्शा त्रुटि सुधार के लिए तहसील न्यायालय के चक्क र लगा रहा है।

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

बहुत दिनों बाद शनिवार को एक ऐसा अवसर आया, जब ग्रामीणों को अपनी समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट या फिर विभागों के पास नही जाना पड़ा, उन्हें जिला मुख्यालय की ओर रुख नही करना पड़ा। बल्कि स्वंय जिला प्रशासन लोगों की समस्याओं से रूबरू होने गांव तक पहुचे। जहां कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ समेत तमाम विभाग के आलाधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार को अपने बीच पाकर ग्रामीणजन बेहद प्रसन्न नज़र आए। अवसर था, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का, जो की जिले का प्रथम जिला जनसमस्या निवारण शिविर गुंडरदेही जनपद क्षेत्र के ग्राम कुरदी में आयोजित हुआ। भाजपा सरकार आने के बाद पहली बार जिले में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ, जहां जिला प्रशासन स्वंय गांव पहुच ग्रामीणों की समस्या को न सिर्फ सुना बल्कि जो समस्या त्वरित हल करने लायक थी, उसे तत्काल निराकरण भी किया गया। इस दौरान सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां विभाग के आलाधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। आवेदन को लेने पंजीयन काउंटर बनाया गया था, जहां आवेदकों ने अपना आवेदन जमा किया, फिर वो आवेदन जिस भी विभाग से सम्बंधित रहता शिविर में मौजूद कोटवार के द्वारा उस विभाग के स्टॉल में आवेदन ले जाकर उसे दे दिया जाता रहा। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, गुंडरदेही एसडीएम सुरेश साहू, जनपद सीईओ निखत सुल्ताना, तहसीलदार राहुल गुप्ता, समेत तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को हटाने ग्रामीणों ने की शिकायत, लगाया आरोप

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विनीत चंद्रवंशी जो ग्राम मारियातोला, लखनपुर खुर्द, पोडीटोला एव खुर्सीपार विकास खण्ड-बोडला, जिला-कबीरधाम में कार्यरत है। जिनके द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना जैसे विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में किसानो को जानकारी नहीं दिया जाता है एवं किसानों के द्वारा पुछे जाने पर बोडला आफिस आने के लिए बोल दिया जाता है और अलग अलग बाते बोलकर किसानों को मोबाईल फोन के माध्यम से गुमराह कर देते है और शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजना स्पेयर वितरण, वर्मी बेड, बीज वितरण कार्यक्रम में किसानों को वितरण नहीं किया गया है। जिसके चलते किसान लाभांवित नही हो रहे हैं ।

### बाहरी किसानो को लाभ पहुंचाने का आरोप

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनातर्गत जो किसान ग्राम मारियाटोला एवं पोंडीटोला व लखनपुर खुर्द के किसान नहीं है जिन्हें ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा बीमा राशि दिलवाया जा रहा है एवं जिन किसानों का बीमा है उनको राशि अप्राप्त है। ग्राम से बाहर के किसानो का नाम इस प्रकार है जिन्हें अयोग्य लाभ दिया गया। खेमेन्द्र पिता लीलागर चन्द्रवंशी, मुरारी पिता लीलागर चन्द्रवशी, अनीता पति किकर चन्द्रवशी, रामस्वरूप पिता बिरबल चर्मा (पांडीटोला), रीतू पति विनीत चन्द्रवशी (पोडीटोला) है।

### हटाने की मांग

किसानो ने उप संचालक ( कृषि )को दिए शिकायत पत्र में निवेदन है कि विनीत चन्द्रवंशी ग्रा.कृ.वि.अधिकारी, विख - बोडला के कार्यों की जाच किया जाय एव उनके मुख्यालय से दूसरे जगह स्थानातरण किया जाय ताकि किसानों की उचित लाभ मिल सके। शिकायत करने नंदराम वर्मा, शिवचरण, सुशील, बालाराम, भारत विजय सहित अन्य किसानो ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिए हैं।

# प्रदेश के स्कूलों में प्राचार्य के हजारों पद रिक्त

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य के हजारों पद रिक्त हैं। इन विद्यालयों की व्यवस्था प्रभारी प्राचार्यो के भरोसे चल रही है। अब शासन ने प्राचार्यो के इन रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसी तारतम्य में 04 जुलाई को लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी संभागीय संयुक्त संचालको को पत्र जारी कर ई एवं टी संवर्ग के व्याख्याता, व्याख्याता एलबी एवं प्रधान पाठक माध्यमिक शाला के गोपनीय चरित्रावली मंगाया गया है। इसमें जो टी एलबी संवर्ग की संख्या दी गयी है। इसको लेकर टी एलबी संवर्ग के व्याख्याताओं में भारी नाराजगी है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष शंकर साहू ने बताया कि इस पदोन्नति हेतु व्याख्याता टीएलबी की जो संख्या दी गयी है गोपनीय चरित्रावली मंगाने के लिए वह संख्या राजपत्र में जारी भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2019 के नियम के विपरीत है। इस नियम के अनुसार प्राचार्य पद पर पदोन्नति कुल रिक्त पद का 10 प्रतिशत विभागीय सीधी भर्ती से 25 प्रतिशत पद माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक से, बचे 65 प्रतिशत व्याख्याताओं से और इस 65 प्रतिशत में से 70 प्रतिशत नियमित व्याख्याता से एवं 30 प्रतिशत व्याख्याता एलबी से किया जाना है। परंतु जारी पत्र में व्याख्याता टीएलबी की जो संख्या 408 दिया गया है वो किसी नियम से सही नहीं है। जो आंकड़े दिए गए हैं जारी पत्र में उसके आधार पर व्याख्याता टीएलबी की संख्या 605 होता है। इस प्रकार से जारी पत्र में व्याख्याता टी एलबी के 197 पद को कम करके बताया गया है। वहीं माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों की संख्या 672 होना था उसे 1012 दिया गया है। प्रांताध्यक्ष शंकर साहू ने बताया कि 01 अप्रैल 2024 की स्थिति में जारी वरिष्ठता सूची में भारी त्रुटि है। एक तरफ जहां मृत, सेवा त्याग चुके एवं सेवा निर्वित्त व्याख्याताओं के नाम वरिष्ठता सूची से विलोपित नहीं किया गया है वहीं वरिष्ठता म में भी विसंगति व्याप्त है। टीएलबी संवर्ग के व्याख्याताओं में इसे लेकर भारी नाराजगी व्याप्त है। जल्द ही इस बड़ी त्रुटि के संबंध में संचालक लोक शिक्षण संचालनालय एवं शिक्षा सचिव से चर्चा कर अवगत कराया जाएगा।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने की योजनाओं की समीक्षा



पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने 04 जुलाई को जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओ की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में चल रहे सभी विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में पूर्णता हेतु शेष कुल 1443 आवासों का जनपद पंचायत वार जानकारी ली। डॉ. कन्नौजे ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में तृतीय किश्त प्राप्त कुल 384 आवासों को शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु लक्ष्य आबंटित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में डॉ. कन्नौजे ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूहों के बैंक लिंकेज कार्य के संबंध में 10 जुलाई तक 70 प्रतिशत प्रकरण बैंको में प्रेषित कर 50 प्रतिशत प्रकरण वितरण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत संचालित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक पंचायत आकाश सोनी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के अलावा, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के सहायक परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया गया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के जनक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति दिवस 23 जून से जन्म दिवस 6 जुलाई तक संगठन के लिए सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किए हैं । जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू के निर्देशानुसार वृहद वृक्षारोपण- एक पेड़ मां के नाम को किया जाना सुनिश्चित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की गई अभियान को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय स्तर से पन्ना प्रमुख तक सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा मां को साथ खड़ा करके या मां की तस्वीर के साथ एक पेड़ मां के नाम लगाई जाए इस उद्देश्य हेतु राजहरा मण्डल के उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू के नेतृत्व में नगर देव राजहरा बाबा परिसर में देव वृक्ष पीपल, बरगद, फल दार वृक्ष कटहल, जामुन छाया दार जैसे जीवनदायिनी पौधा लगाया गया एवं एक पेड़ मां के नाम के उद्देश्य को आम जनों तक पहुंचाया गया। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने व्यापक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण करने बूथ स्तर पर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत शक्ति केन्द्र प्रभारी,संयोजक ,मण्डल में निवास रत समस्त कार्यकर्ताओं को ज़िम्मेदारी दी गई। वृक्षारोपण के अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा ज़िला मन्त्री राजेश दसोडे, अल्पसंख्यक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुस्ताक़ अहमद, मण्डल मंत्री जनार्दन सिंगरौल, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष मेवालाल पटेल, वार्ड क्रमांक 01पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम ठाकुर, युवा मोर्चा पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद बाघ, युवा नेता तरुण टंडन, बूथ अध्यक्ष आशीष ठाकुर, विक्टर जौन, योगेश जायसवाल, अखिलेश मिश्रा, मंदिर पुजारी अजय गिरी, दुष्यंत ठाकुर, सागर साहू, धरम दास, शेख़ चाँद, प्रशांतु, सागर, डेविड कृपाल सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले के राजस्व क्षेत्र ग्राम खिलोरा में लगा राजस्व शिविर

**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में किसानों और ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम 6 जुलाई से शुरू होकर 20 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान, बेमेतरा जिले के अनुविभागीय क्षेत्र खिलोरा में विशेष रूप से राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत, पटवारी हल्का खिलोरा, गांगपुर, निनवा, और रजकुडी के अंतर्गत 16 गांवों के ग्रामीणों के लिए शिविर लगाए गए। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की राजस्व से संबंधित समस्याओं का समाधान करना और उनकी शिकायतों का त्वरित निपटारा करना है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन




पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com

एक पेड़ मां के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर पूरे देश में वृक्षारोपण का एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार कुम्हारी में स्वामी आत्मानंद स्कूल में एक पेड़ मां के नाम पर आधारित कार्यक्रम अंतर्गत लगभग 100 वृक्ष यहां पर रोपण किये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि रामकुमार सोनी द्वारा प्रत्येक पेड़ की रक्षा करना हम सब का अधिकार है जिस तरह हम अपनी मां की रक्षा करते हैं इस तरह पेड़ों की भी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य और अधिकार है नित्य प्रतिदिन पौधे को पानी देकर सिंचित करना और उसकी देखभाल करना यह हम सबको अवश्य ही करना है तभी जाकर वह पौधा बड़ा होगा और हम सबको फल एवं ताजी हवा तो प्रदान करेगा साथ-साथ पर्यावरण को भी नियंत्रित करेगा इसलिए हर व्यक्ति को एक पौधा जरूर लगाना चाहिए इस कायक्रम में सांसद प्रतिनिधि के रूप में रामकुमार सोनी, भाजपा नेता मनोज वर्मा, अवधेश शुक्ला, रामाधार शर्मा, राजेश सिन्हा, स्वामी आत्मानंद स्कूल की प्राचार्या लता रघु कुमार एवं समस्त शिक्षकगण एवं शाला के छात्र छात्राओं द्वारा इस कायक्रम में बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक वृक्षारोपण किया गया। सभी ने एक स्वर में शपथ लेते हुए कहा कि हम इसकी रक्षा करेंगे। आभार प्रदर्शन एम एल साहू द्वारा किया गया।

# भाजपा मंडल कुम्हारी ने मनाया डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल के द्वारा जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रभक्त, प्रखर वक्ता, शिक्षाविद्, महान चिंतक एवं जनसंघ के संस्थापक जिन्होंने देश की एकता अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर अपने प्राणों का बलिदान देने वाले एक देश एक निशान, एक विधान, एक प्रधान का मंत्र देने वाले श्रद्धेय डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती कुम्हारी मंडल के द्वारा वार्ड क्रमांक 15 स्थित सांसद कार्यालय में मनाया गया । सर्वप्रथम पुष्पांजलि करते हुए दीप प्रज्वलित की गयी। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय ने संबोधित करते हुए बताया कि कोलकाता के एक प्रतिष्ठित परिवार में जन्म लिए, आप प्रखर राष्ट्रवादी नेता रहे, सबसे कम (33वर्ष) उम्र में कोलकाता यूनिवर्सिटी के कुलपति बनने का गौरव प्राप्त है, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के शिक्षा व उनके राजनीतिक जीवन के ऊपर प्रकाश डालें इंग्लैंड से बैरिस्टर की पढ़ाई करके लौटे एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं वित्त मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दी, 21 अक्टूबर 1951में आप ने जनसंघ की स्थापना की, आपने सन् 1951-52 के आम चुनाव में जनसंघ पार्टी के नेतृत्व में ही चुनाव लड़कर सांसद बने थे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष पी.एन.दुबे, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मिथिलेश यादव, सांसद प्रतिनिधि मनोज वर्मा शासकीय, महाविद्यालय सांसद प्रतिनिधि रामाधार शर्मा, सांसद प्रतिनिधि शासकीय हाई स्कूल रामकुमार सोनी, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोल्डी गोस्वामी, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश शुक्ला, मंडल महामंत्री लोकेश साहू, राजमहंत एवं पार्षद ओंकार मार्कंडेय, पार्षद विनोद बंजारे, मंडल उपाध्यक्ष दीपक चतुर्वेदी, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष उमाकांत साहू, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष सुजीत यादव, पूर्व एल्डरमैन फिंगेश्वर साहू, छाया पार्षद विकास सोनकर, पूर्व किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अश्वनी देशलहरे, राजेश सिन्हा, राम प्रकाश गुप्ता, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# विद्युत कटौती और विद्युत दरों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस करेगी धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिला कांग्रेस कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश में दिशा निर्देश में मगलवार 9 जुलाई को दोपहर बारह बजे तहसील ऑफिस बेमेतरा के सामने भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सर प्लस होने के बावजूद विद्युतदरों में बेतहाशा वृद्धि तथा प्रदेश भर में प्रतिदिन हो रही बार-बार अघोषित रूप से विद्युत कटौती को लेकर प्रदेश की आम जनता तथा किसान परेशान है जिसको ध्यान में रखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किए जाने का निर्णय लिया गया है ज्ञात होगी पूर्व में भी कांग्रेस के द्वारा विद्युत कटौती सहित विद्युत ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत सामग्री की उपलब्धता को लेकर को लेकर लगातार सरकार को आगाह किया जाता रहा है किंतु सुधार न होने की स्थिति में कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय एवं ब्लॉक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार की चिननिद्रा से जगाया जाए जो सत्ता प्राप्ति के बाद से आमजनता की परेशानी से बेखबर होकर राज्य के सर प्लस विद्युत को अन्य भाजपा राज्यों को मुफ्त में बांट रही है तथा अडानी अंबानी जैसे बड़े व्यावसायिक घरानों को विद्युत सप्लाई कर रही है बेमेतरा जिला मुख्यालय में होने वाले धरना प्रदर्शन में पूर्व कृषि मंत्री तथा कांग्रेस के कद्दावर नेता रविंद्र चौबे तथा पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार सहित पूर्व संसदीय सचिव गुरुदयाल बंजारे एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा भी शामिल होंगे उक्त जानकारी बेमेतरा जिला के कांग्रेस महासचिव ललित विश्वकर्मा के द्वारा दी गई है।

# आंगनबाड़ी केंद्र एक कालिका मंदिर के सामने वृक्षारोपण

**बेमेतरा।** वार्ड क्रमांक अठारह आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक कालिका मंदिर के सामने जुना कैहा तालाब पार बेमेतरा में महिलाओं ने मिलकर जिसमें रेणुका कारुणिक, कांतिप्रभा बंजारे चंदन समाज सेविका, उमा ठाकुर, संतोषी यादव, शांता चौहान आंगनबाड़ी सहायिका, जमोत्री लहरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कुमारी रानू वर्मा व डॉ गोकुल बंजारे चंदन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक, रामकुमार टंडन शिक्षक कलाकार, मनहरण दुबे सिरवाबांधा, लक्ष्मेन्द्र बैनर्जी सभी ने मिलकर बरगद वृक्ष का पौधा लगाया गया, पूर्व में इस स्थान पर पिपल का वृक्ष लगा था, जो कि विगत आंधी-तूफान में जड़ सहित उखड़ गया है, अब इस स्थान पर बरगद का पेड़ लगाया गया है ।



# नवनियुक्त कर्मचारी कल्याण संघ की हुई प्रदेश स्तरीय बैठक

पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com



05 जुलाई को कुम्हारी नगर पालिका परिषद के सामुदायिक भवन में नवयुवत कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमे नगरीय निकाय में कार्यरत कर्मचारियों के लंबित मांगों के सबंध में आगामी रणनीति के संबध में विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना कर नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रदेश महामंत्री उपेन्द्र बंजारा, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप चन्द्राकर, प्रदेश सचिव ऋषभ ठाकुर, आशा जंघेल (प्रदेश महामंत्री महिला प्रकोष्ठ), संजय शर्मा, कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ के एवं स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ से शरद दुबे महामंत्री एवं विभिन्न जिले से आये पदाधिकारी द्वारा किया गया। तत्पश्चात् नवनियुक्त पदाधिकारियों कर्मचारियों का शपथ ग्रहण शरद दुबे, (महामंत्री) प्रदेश स्वायत्तशासी संघ द्वारा कराया गया। शपथ ग्रहण उपरांत नवनियुक्त कर्मचारी संघ द्वारा विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा किया गया। अधिकांश नगरीय निकाय के 4-5 माह से वेतन भुगतान हेतु स्थायी समस्या बनी हुई है शासन को इस समस्या के बारे में कई बार पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया, किंतु समस्या जस की तस बनी हुई है, समस्या को ध्यान में रखते हुए नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा चरण बध्द आंदोलन किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। जिसका शुभारंभ 18 जुलाई से प्रदेश स्तरीय काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन कर किया जाएगा। इसके पश्चात 1 दिवसीय कलमबंद हड़ताल और उसके बाद जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त बैठक में प्रदेश महामंत्री महिला प्रकोष्ठ आशा जंघेल, सपना यादव, जितेंद्र देवांगन, विनोद यादव, संतोष जलछत्री, लखन साहू, पंकज मेश्राम, राजीव बारसागडे, सोफू जिलानी, सुभाष सोनकर, ललित साहू, विकास सोनकर, शुभम महतो, सोमप्रकाश देशमुख, विशाल साहू, प्रशांत वर्मा, किशुंक यादव, दुष्यंत कुमार उपस्थित हुए।

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com




जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि बैंकर्स विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं के अन्तर्गत जरूरतमंद लोगों को ऋण प्रदाय करने हेतु भेजे गए प्रकरणों को समय पर स्वीकृत कर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इस हेतु विभागीय अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसवाई) और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेवाई) के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों की जानकारी ली और ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुधन विकास विभाग और मछली पालन विभाग अंतर्गत किसानों को केसीसी ऋण प्रदाय हेतु प्रेषित किए गए प्रकरणों की जानकारी ली और इसमें खराब परफॉमेंस वाले बैंको पर नाराजगी जतायी। उन्होनें कहा कि किसानों के आर्थिक उन्नति के लिए अधिक से अधिक ऋण प्रकरण स्वीकृत किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार से किसानों को परेशानी नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने जिले में कार्यरत एफ्पीओं को आवश्यकतानुसार ऋण उपलब्लध कराने, बैंकों को सीआर रेशियों को बढ़ाने और आमलोगों की समस्या का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राष्ट्रीय ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन के तहत बैंको को प्रेषित ऋण प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होनें कहा कि शासन की महत्वपूर्ण पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पीवीटीजी ग्रामों में निवासरत बैगा आदिवासी परिवारों को आर्थिक रूप मजबूत एवं सशक्त बनाने के लिए शासन की विभिन्न योजनांर्गत अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत करें। कलेक्टर ने पूर्व में आयोजित बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन, ऋण जमा अनुपात, मुद्रा योजना, एसएचजी खातों में दोहरी प्रमाणीकरण, वित्तीय साक्षरता शिविर, शिक्षा ऋण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, आदिवासी स्वरोजगार योजना, अंत्योदय योजना, शहरी आजीविका मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिक से अधिक प्रकरण बनाकर भेजने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही बैंकर्स से कहा कि सभी प्रकरणों को नियमानुसार समय-सीमा में निराकृत करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि, डीडीएम नाबार्ड, लीड बैंक और विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित थे।

# रामदास द्रौपदी फाउंडेशन ने उर्दना व पॉलिटेक्निक कॉलेज में किया गया पौधरोपण

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




पर्यावरण स्थिरता और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए, रामदास द्रौपदी फाउंडेशन ने कल रायगढ़ के शासकीय माध्यमिक शाला उर्दना और पॉलिटेक्निक कॉलेज में पौधरोपण किया गया। यह पहल फाउंडेशन के चल रहे पर्यावरण संरक्षण अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समुदाय को पर्यावरण की रक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिन्होंने पौधे लगाने और इस नेक काम के लिए अपना समर्थन देने का संकल्प लिया। फाउंडेशन की टीम ने अपने अध्यक्ष सुनील रामदास के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन से निपटने, वायु गुणवत्ता में सुधार और जैव विविधता को संरक्षित करने में पौधरोपण के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर छात्रों को पेड़ों के लाभों के बारे में शिक्षित किया गया, जिसमें ऑक्सीजन का उत्पादन, वन्यजीवों का जीवन में उपयोगिता और मिट्टी के कटाव को रोकने में उनकी भूमिका शामिल है। उन्हें पौधों का स्वामित्व लेने और उनकी उचित देखभाल और रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक पौधे लगाए गए, जिनमें फलदार और औषधीय पौधे शामिल हैं, जो विभिन्न प्रजातियों के लिए छाया, भोजन और आवास प्रदान करेंगे। फाउंडेशन ने पौधों की वृद्धि की निगरानी करने और उनके रखरखाव के लिए संस्थानों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता भी जताई है। इस अभियान को समुदाय से व्यापक सराहना मिली है, जिसमें शिक्षक व शिक्षिकाओं ने युवा पीढ़ी के बीच पर्यावरण चेतना पैदा करने के लिए फाउंडेशन के प्रयासों की प्रशंसा की है। इस पहल से क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह के प्रयासों को प्रेरित करने की उम्मीद है, जो सभी के लिए एक हरियाली और अधिक टिकाऊ भविष्य में योगदान देगा। पौधे लगाकर और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देकर, रामदास द्रौपदी फाउंडेशन एक बेहतर कल का बीज बो रहा है। इस उद्देश्य के प्रति उनका समर्पण भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह की रक्षा करने में सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। इस विषय पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों ने इस अवसर पर अपने भाव प्रकट किए।

# शिक्षा स्थाई समिति जनपद पंचायत मुंगेली की बैठक 05 जुलाई को



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शिक्षा स्थाई समिति जनपद पंचायत मुंगेली की बैठक 05 जुलाई को पवन पाण्डेय उपाध्यक्ष एवं सभापति जनपद पंचायत मुंगेली की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

जिसमें विभिन्न पेंशन योजना के कुल 185 तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के कुल 12 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। जिसमें से विभिन्न पेंशन योजना के कुल 146 पात्र एवं 39 अपात्र आवेदन पत्र पाये गये। जिनमें से पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति प्रदान करते हुए, प्रतिमाह 500.00 के दर से 73000.00 (रू तिहत्तर हजार मात्र) तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के कुल 09 पात्र हितग्राहियों को प्रति हितग्राही 20000.00 (रू बीस हजार मात्र) की दर से कुल 180000.00 (रू एक लाख अस्सी हजार मात्र) संबंधित हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि जमा करने हेतु, उप संचालक समाज कल्याण जिला मुंगेली को प्रस्ताव भेजा गया। बैठक में पवन पाण्डेय सभापति जनपद पंचायत मुंगेली के अतिरिक्त उपस्थित सदस्य डॉ. शिवकुमार बंजारा, जानकी रामकुमार साहू एवं नेहा इंद्रजीत कोशले, के साथ ही साथ समिति की सचिव मंडलोई विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मुंगेली, शासकीय सदस्य कमलेश मिश्रा समाज शिक्षा संगठक जनपद पंचायत मुंगेली उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिक संघ का कार्यालय सियान सदन का लोकार्पण होगा शीघ्र

## इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों की पत्रिका अनुभव का होगा विमोचन

- बैठक में पेशनरों को केन्द्र के समान मंहगाई भत्ता देने की मांग की गयी

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ नागरिक संघ एवं छ.ग. पेंशनर कल्याण संघ का संयुक्त मासिक बैठक प्रेस क्लब मुंगेली के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठजनों की गरिमामय उपस्थिति थी। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष डी.के. सोलंकी ने बताया कि मुंगेली में सियान सदन का निर्माण कार्य पूर्ण होते की स्थिति में है। जिसका लोकार्पण शीघ्र ही किया जायेगा। लोकार्पण के साथ की अनुभव स्मारिका का विमोचन सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में उपस्थित पेंशनर साथियों, सम्बोधित करते हुए पेंशनर संघ के अध्यक्ष सईद खान ने राज्य सरकार से मांग करते हुए बताया कि छ.ग में पेंशनरों को केन्द्र के समकक्ष मंहगाई भत्ता दिया जाय। पेंशनरों की मुख्य समस्या स्वास्थ्य संबंधी बीमारी है अतः राज्य सरकार को पेशनरों के लिए चिकित्सा भत्ता स्वीकृत करना चाहिए। संगोष्ठी में उपस्थित सम्माननीय सदस्यों को नीलकंठ तिवारी, लवबीर गुप्ता, सुभाष चन्द्र दीक्षित तथा ए.डी. मानिकपुरी ने सम्बोधिन करते हुए। उनके स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी है। इस गरिमामय समारोह में अशोक तिवारी, शिवलाल ध्रुव, एच. आर भास्कर, डी.डी. मानिकपुरी, एम. एल. टंडन, ए. डी. मानिकपुरी, किंशन सिंह क्षत्री, जगदीश देवांगन, लल्ला राम पटेल, गजानन सिंह, कृष्ण कुमार सोनी, सीताराम डाहिरे, कदम दास, पुन्नी राम उड्सेना, प्रभात गुप्ता, भैरोनाथ तिवारी, आदि सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# दुकान में लगी भीषण आग सारा समान जल कर खाक

## एक के बाद दूसरे दुकान में भी लगी आग



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

धरमजयगढ़ बस स्टैण्ड के एक दुकान में कल सुबह भीषण आग लग गई जिससे दुकान की सारा समान जलकर खाक हो गया, स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पुलिस प्रशासन द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। ड्रीम गर्ल कलेक्शन के नाम से संचालित दुकान में किसी कारण वश आग गई, भारी मश्कत के बाद आग पर तो काबू पाया गया। लेकिन दुकान में रखे सारा समान पूरी तरह से चल कर राख हो गया, वहीं आग का लपेटा इतना तेज था की बगल के मोबाईल दुकान में भी आग लग गया है। जिस बुझाने के लिए पुलिस प्रशासन एवं नगर पंचायत की टीम लगी हुई है। आग किस कारण लगा इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हुई है, संदेह है कि शार्ट सर्किट से हुआ होगा।

# योजनाओं एवं निर्माण कार्यो की गहन समीक्षा की



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के मार्गदर्शन पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा.), महात्मा गाँधी नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) आदि योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपूर्ण आवास कार्यों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने महात्मा गाँधी नरेगा योजना के तहत वर्षाऋतु में सभी पंचायतों में वृक्षारोपण के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने और वृक्षारोपण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दिए। जिपं सीईओं ने कहा कि पंचायत में ऐसे ग्रामीण का चिन्हांकन किया जाएं, जो अपने माता के नाम से वृक्षारोपण कर उसका देख-रेख कर सके। उन्होने बरसात में मनरेगा का तहत स्वीकृत निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने, मिशन अमृत सरोवर के तहत निर्मित किये जा रहे मॉडल अमृत सरोवरों को गुणवत्तायुक्त कार्य करने, मनरेगा के अपूर्ण कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने लाइवलीहुड कॉलेज जमकोर का औचक निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने लाइवलीहुड कॉलेज जमकोर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज में संचालित प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन बेसिक एवं इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन में प्रशिक्षणरत हितग्राहियों से चर्चा की और उन्हें नियमित उपस्थिति के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर बेहतर कैरियर के लिए मार्गदर्शन दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत सिलाई मशीन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हितग्राहियों को पुस्तिका प्रदान करते हुए प्रशिक्षण उपरांत अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कॉलेज एवं हॉस्टल का निरीक्षण कर समयसीमा में समस्त लक्ष्यों को पूर्ण करने, गुणवत्तापूर्ण ट्रेनिंग देने एवं ट्रेनिंग उपरांत युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज मौजूद रहे। सहायक परियोजना अधिकारी निखत कुरैसी ने बताया कि लाइवलीहुड कॉलेज जमकोर मुंगेली में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं आजीविका विकास कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न कोर्सेस और ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए हितग्राही जमकोर कॉलेज में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। इसके अलावा सभी जनपदों, नगरीय निकायों एवं जिला पंचायत के एनआरएलएम के कार्यालय में जाकर भी अपना फॉर्म भर सकते है।

# चोरी के मामले को सुलझाने में मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कोतवाली पुलिस को महज 24 घंटे के भीतर चोरी के मामले को सुलझाने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 04 जुलाई को प्रार्थी गौरीशंकर वर्मा पिता स्व बंशीलाल वर्मा उम्र 44 वर्ष थाना मुंगेली ने लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि एफसी.आई गोदाम के पास निर्माणधीन मकान के पास रखे तीन बंडल लोहे का छडिया तीन क्विंटल करीबन किमती 18000 रूपये को 01.07.2024 के दरम्यानी रात्रि में कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लें गया है। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में अपराध क्र. 278/2024 धारा 303 (2) भारतीय न्याय सहिता के अन्तर्गत कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान उ.म.नि./वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरीजा शंकर जायसवाल एंव अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी एस एस आर घृतलहरे के द्वारा अज्ञात आरोपी की तत्काल पता साजी करने के निर्देश पर अविलम्ब कार्यवाही करते हुए चोरी गई मशरूका छड के सम्बन्ध में लगातार माल मुलजिम की पतासाजी किया जा रहा था विवेचना के दौरान मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपीगण मनोज साहू पिता विघाचल उम्र 22 वर्ष 02 रिकेश मेहर पिता राजू मेहर उम्र 23 साल साकिनान रावणभाठा मुंगेली थाना सिटी कोतवाली मुंगेली को पुलिस द्वारा पकडा जाकर पुछताछ करने पर चोरी गयी मशरूका तीन बंडल लोहे का छडिया करीबन 03 क्विंटल को अपने अन्य सहयोगी आरोपीगण किशन एवं सोनू चैहान के साथ मिलकर घटना दिनांक को चोरी करना स्वीकार किये और चोरी गये मशरूका 02 क्विंटल किमती 12000 रूपये को आरोपीगण के पेश करने पर रावणभाठा शमशानघाट से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर आरोपीगण को 05 जुलाई के 13.40, 13.50 बजे विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

# स्टॉक मार्केट में मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में साइबर ठगों के द्वारा एक महिला को व्हाट्सएप गुप में जोड़कर लाखों की ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी राजस्थान के अलवर से गिरफ्तार किया है वहीं इस मामले से जुडे दो अन्य आरोपी फरार हैं। आरोपियों के द्वारा स्टॉक मार्केट में मुनाफे का लालच देकर लोगों से ठगी कर आपस में पैसे का बंटवार करते आ रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के बैंक एकाउंट को सीज करवा दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में साइबर ठगों के द्वारा शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर व्हाटसअप ग्रुप टेलीग्राम में लोगों को जोड़ कर स्वयं बनाये फेक कंपनियों के लिंक शेयर कर निवेश में बड़ा मुनाफा दिखाकर ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसे ही ठगी की एक शिकायत चक्रधरनगर थाना क्षेत्र की महिला ने रायगढ़ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल से की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी दिव्यांग पटेल ने साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव को जांच में लगाया गया, मामले की विस्तृत जांच कर रायगढ़ पुलिस की टीम शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के एक सदस्य को अलवर राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया गया है।

**15 जून को हुई शिकायत**-15 जून को चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेलादुला मोहल्ले में रहने वाली एक महिला ने ऑनलाइन ठगी की लिखित में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि मार्च 2024 में अपोलो बिजनेस स्कूल के वेबसाईट को गलती से ओपन की जिससे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसे व्हाटअप ग्रुप (ठ-5 भ्देह वद जव लवनत कतमंडे) में जोड़ दिया गया जिसमें शेयर मार्केट में निवेश करने पर लाभ अर्जित करने का मोटीवेशनल पोस्ट दिखाया गया, जिससे प्रभावित होकर महिला ने 08 अप्रैल से 18 मई के मध्य अपोलो बिजनेस स्कूल के शेयर में 87 लाख 41 हजार रूपये निवेश की।

**इस तरह आया मामला सामने**-महिला को उस कंपनी के शेयर के भाव बढने पर अपने शेयर को बेचने का प्रयास किया गया जिससे पता चला कि जो अज्ञात व्यक्ति इससे निवेश के लिये चैट करते थे उन्होंने किसी फर्जी कंपनी में पैसा निवेश कराया गया है।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001070425365832, राहुल अवस्थी (ऋणी), श्रीमती चंचल अवस्थी (सहऋणी) | 12-अप्रैल-24 ₹ 12,04,032/- बारह लाख चार हजार बत्तीस रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित संपत्ति स्थित भूखण्ड नं. 2/1, खसरा नं. 1691/1 मौजा झरोंधा, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1800 वर्ग फीट, पूर्वः रोड, पश्चिमः प्लॉट नं. 285, उत्तरः प्लॉट नं. 265, दक्षिणः प्लॉट नं. 267 | 02-जुलाई-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060115098997, दिनेश जायसवाल (ऋणी), श्रीमती संतोषी जायसवाल (सहऋणी), श्रीमती शारदा जायसवाल (सहऋणी) | 12-अप्रैल-24 ₹ 9,72,167/- नौ लाख बहत्तर हजार एक सौ सडसठ रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 1014/4, पीएच नं. 06/29, आरआईएम, वार्ड नं. 06, ग्राम मुंगेली, तहसील एवं जिला मुंगेली, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट, पूर्वः अवतार सिंह की संपत्ति, पश्चिमः रोड, उत्तरः नामदेव की भूमि, दक्षिणः अवतार सिंह की भूमि | 02-जुलाई-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060126344642, बिस्मिल्लाह सोलंकी (ऋणी), गयासुद्दीन सोलंकी (सहऋणी) | 13-फरवरी-24 ₹ 7,65,778/- सात लाख पैंसठ हजार सात सौ अठहत्तर रूपये मात्र 12-फरवरी-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 69/4, पीएच नं. 18, वार्ड नं. 07, ग्राम कोपेभाटा, आरएनएम गंदाई, तहसील छुईखदान, जिला राजनन्दगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.005 हैक्टेयर, पूर्वः मदन की भूमि, पश्चिमः गली, उत्तरः दुजाजुद्दीन की भूमि, दक्षिणः पंडाराई से गंदाई रोड | 03-जुलाई-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060135524722, ओमप्रकाश निशाद (ऋणी), श्यामरतन निशाद (सहऋणी), बालक निशाद (सहऋणी) | 6-जनवरी-24 ₹ 4,89,075/- चार लाख नवासी हजार पिचहत्तर रूपये मात्र 5-जनवरी-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 297/4, ग्राम निपानिया, तहसील भाटापारा, जिला बलोदाबाजार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 84 वर्ग मीटर, पूर्वः बालक राम का मकान, पश्चिमः खाली भूमि, उत्तरः सीताराम का मकान, दक्षिणः गली | 05-जुलाई-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है। ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है। ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**दिनांक: 06/07/2024**
**स्थान: छत्तीसगढ**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# लटूरिया मंदिर से आज 1 बजे निकलेगी भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा, मंदिर के इतिहास की अदभुत कथाएं है प्रचलित

## 121 वर्ष पुरानी परंपरा का हो रहा निर्वहन, रविवार को भगवान जगन्नाथ पहुंचेगे अपने भक्तों को दर्शन देने उनके घर

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



धर्म आयोजनों के चलते भाटापारा को धर्मनगरी के नाम से जाना जाता है क्योंकि यहां लगभग जितने भी धर्म आयोजन है जिसमे भाटापारा की रामलीला का आयोजन 105 वर्ष पुराना चले आ रहा वही अखंड रामनामसप्ताह का आयोजन लगभग 90 वर्ष हो चुका है वही उसी कड़ी में इनसे भी प्राचीनतम एक आयोजन जो है वो है भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा। लगभग पिछले 121 वर्षों से अनवरत निकाली जा रही है भाटापारा के राम सप्ताह चौक के पास में स्थित जगन्नाथ मंदिर जहां भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र जी और सुभद्रा देवी की मूर्ति स्थापित मंदिर है जिस मंदिर को लटूरिया मंदिर के नाम से भी जाना जाता है जहां प्रतिवर्ष के आषाढ़ मास के द्वितीया के दिन रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है जिसमें भाटापारा के निवासियों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी रथ यात्रा में शामिल होते हैं और बड़ी ही धूमधाम से रथ यात्रा लटूरिया मंदिर से निकालकर भाटापारा के बहुत सारे प्रमुख चौक चौराहों से होते हुए लगभग 10 से 12 किलोमीटर की यात्रा करते हुए वापस लटूरिया मंदिर में भगवान की स्थापना होती है। कहा जाता है कि इस दिन रथ यात्रा के माध्यम से भगवान जगन्नाथ सभी भक्तों के घर में दर्शन देने पहुंचते हैं जिसका आयोजन इस वर्ष 07 जुलाई 2024 दिन रविवार को होगा। जहां दोपहर 12 बजे भगवान की महाआरती और गजामूंग व महाप्रसाद का भोग लगने के पश्चात दोपहर 1:00 बजे से रथ यात्रा निकाली जाएगी।

### इस मंदिर की अद्भुत प्रचलित कहानियां

भाटापारा के लटूरिया मंदिर जो कि जगन्नाथ भगवान का मंदिर है वहां के वर्तमान पुजारी जगदीश वैष्णव है जो कि चौथी पीढ़ी के है उनके द्वारा पूजन कार्य किया जा रहा है। बताया जाता है कि प्राचीनतम समय 121 वर्ष से भी पहले लटूरिया महाराज के द्वारा इस मंदिर की स्थापना की गई थी इस मंदिर में जो भगवान जगन्नाथ जी, बलभद्र जी एवं सुभद्रा देवी की जो मूर्ति है वह चंदन काठ की लकड़ी से निर्माणित मूर्ति है, जिसे लटूरिया दास जी महाराज ने भाटापारा से लगभग 610 किलोमीटर की दूरी पर स्थित उड़ीसा राज्य के पूरी जहां की भगवान जगन्नाथ का मंदिर है जो चारों धाम में एक धाम है वहां से लाया गया है। लटूरिया दास महाराज के द्वारा भाटापारा से पैदल उड़ीसा राज्य के पूरी पहुंचे और वहां से अपने मित्र मंडली के साथ भगवान जगन्नाथ सुभद्रा देवी एवं बलभद्र जी महाराज की मूर्ति को लेकर वापस पैदल भाटापारा आए और इस मंदिर की स्थापना की। वही लटूरिया महाराज जी के बाद इस मंदिर का कार्यभार भगवान दास महाराज के हाथों में सौंपा गया बताया जाता है कि प्राचीनतम समय में बहुत वर्षों तक जो रथ निकाली जाती थी वह लकड़ी की रथ थी, जिसमें रथ यात्रा का आयोजन किया जाता था, वर्तमान में लोहे से बनी रथ में इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। वही कहते है जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ को जिस तरह से पूरी जगन्नाथ मंदिर में प्रसाद कभी कम नही पड़ता वैसे ही भाटापारा के लटूरिया महराज के जगन्नाथ मंदिर का भंडारा रसोई भोजन कभी श्रद्धालुओं के लिए कम नही पड़ता। भगवान दास जी महाराज के बाद उनके नाती पोते के रूप में धन्ना महाराज इस मंदिर के पुजारी रहे और वर्तमान में धन्ना महाराज के पुत्र जगदीश वैष्णव के द्वारा इस मंदिर में पुजारी की भूमिका निभाई जा रही है कहा जाता है कि यह मंदिर बहुत ही शुभ एवं सिद्ध माना जाता है जहां पर भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर लोग अपनी मनोकामना मांगते हैं जो कि पूरी होती है। भाटापारा में लटूरिया मंदिर एक मात्र जगन्नाथ जी का प्रसिद्ध मंदिर है। जहां भाटापारा व आसपास के श्रद्धाल अपनी मनोकामना और भगवान का आशिर्वाद करने पहुँचते है।

# शिवरतन शर्मा की पहल पर भाटापारा विधानसभा को मिली 16 करोड़ की सौगात

## उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रयास से मिली व्यवहार न्यायालय भवन निर्माण के लिए लगभग 16 करोड़ की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



विधानसभा के भाटापारा एवं सिंमगा नगर में व्यवहार न्यायालय के लिए नया भवन बनेगा। इसकी स्वीकृति विधि विधायी विभाग ने दे दी है। साथ ही भाटापारा भवन के लिए 08 करोड़ 87 लाख 73 हजार एवं सिंमगा भवन के लिये 06 करोड़ 90 लाख 17 हजार की स्वीकृति भी दी गई है। इस राशि से नए भवन में कोर्ट रूम भी बनाए जाएंगे। नगर में व्यवहार न्यायालय के नए भवन के लिए प्रथम, चतुर्थ, पंचम छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा द्वारा राज्य शासन से मांग की गई थी। उनकी मांग पर राज्य सरकार ने इसकी स्वीकृति दे दी है। उक्त भवन निर्माण से क्षेत्र की जनता को नवीन व्यवहार न्यायालय भवन में अतिरिक्त कोर्टरूम निर्माण से जहां न्यायालय आने के दौरान प्रकरणों में सुविधाएं मिल सकेंगी। वहीं क्षेत्र के अधिवक्ताओं द्वारा वर्षों से व्यवहार न्यायालय भवन में नए कोर्टरूम के निर्माण की मांग भी पूरी होगी। स्वकृति देने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विधि मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भाटापारा के अधिवक्ताओं ने स्वीकृति दिलाने हेतु शिवरतन शर्मा को बुके भेंट कर आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर नरेंद्र यदु, सुरेश यदु, आनंद शर्मा, अनिल मिश्रा, माधव साव, तरुण टंडन, सत्यजीत सलूजा, जे के अग्रवाल, कैलास यादव, नरेंद्र साहू, नियाजी खान,अंजू साहू, अमन तिवारी, राकेश भूषणीय सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# इस्पात सचिव ने एनएमडीसी के नए अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास केंद्र का दौरा किया

पायनियर संवाददाता ➤ हैदराबाद/रायपुर
www.dailypioneer.com



इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने हैदराबाद के पाटनचेरू में एनएमडीसी के नए अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास केन्द्र (आर एंड डी) का दौरा किया। इस्पात सचिव ने नवाचारों, सुस्थिर खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी और अनुसंधान और विकास केंद्र के भविष्य के रोडमैप की समीक्षा की। अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी), वी. सुरेश, निदेशक (वाणिज्य), बी. विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी और एनएमडीसी के अधिकारी उनके साथ उपस्थित रहे। अधिकारियों से बात करते हुए, नागेंद्र नाथ सिन्हा ने कहा, एनएमडीसी का अनुसंधान और विकास केंद्र खनिज अन्वेषण और विकास के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ेगा, जिससे सुस्थिर और नवीन प्रौद्योगिकी के विकास के अवसर पैदा होंगे। इस अग्रणी अत्याधुनिक सुविधा से भारतीय खनन उद्योग को एक प्रगतिशील दृष्टिकोण प्राप्त होगा जो अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू सहयोग के लिए एक प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करेगा। एनएमडीसी अनुसंधान एवं विकास केंद्र 1970 से खनिज प्रसंस्करण के क्षेत्र में योगदान कर रहा है और घरेलू और वैश्विक उद्योग में अपने ज्ञान और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए इसे यूनिडो और डीएसआईआर दोनों द्वारा उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में मान्यता दी गई है। अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि एनएमडीसी नवाचार को अपनाकर और जिम्मेदार खनन को सशक्त बनाने वाले पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करके अग्रणी रहने का प्रयास करता है। हमारी नई अनुसंधान और विकास सुविधा अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से युक्त है और यह अयस्क बेनीफिशिएशन और खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी में परिवर्तनकारी हस्तक्षेप लाने के लिए प्रतिबद्ध विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा संचालित है। एनएमडीसी का अनुसंधान एवं विकास केंद्र निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों के खनन और धातुकर्म उद्योग की कंपनियों का समर्थन करने के लिए तैयार है, जो विकसित भारत की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगा।

# पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों में नशा करने वाले असामाजिक तत्वों पर की वैधानिक कार्यवाही

## धरपकड़ अभियान चलाते हुए भाटापारा शहर के विभिन्न स्थानों में नशा करने वाले कुल 09 लोगों को पकड़ा गया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों, जुआ, सट्टा एवं अवैध रूप से शराब बेचने वाले अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी बीच सूचना मिल रही थी कि कई लोग सार्वजनिक स्थानों में शराब एवं नशापान कर इलाके का माहौल खराब कर रहे हैं। इसके साथ ही इस दौरान उस क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों को भी बहुत असहज महसूस हो रहा है। कि सूचना पर थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा 04.07.2024 को सार्वजनिक स्थानों में नशापन करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध घरपकड़ अभियान चलाया गया, अभियान में कुल 09 लोगों को पकड़ा गया है जिनके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# वंदना वर्मा के निवास पर लगे भाटापारा का पहला स्मार्ट मीटर



**भाटापारा।** छ.स्टे.पा.डि.क. लिमिटेड भाटापारा के जोन कार्यालय के अधिनस्थ वृन्दावन कालोनी में वंदना वर्मा पत्नि रविकांत वर्मा के निवास पर लगे घरेलू कनेक्शन पर भाटापारा का पहला स्मार्ट मीटर 05.07.2024 को स्थापित किया गया। उक्त स्मार्ट मीटर कंपनी के आरडीएसएस योजना के अंतर्गत स्थापित किया गया। स्मार्ट मीटर के स्थापना पर क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता जी.पी. अनंत, कार्यपालन अभियंता एन. के. सोनी, हेमंत कुमार ठाकुर कार्यपालन अभियंता (प्रोजेक्ट संभाग), सहायक अभियंता वासुदेव साहू एवं टाटा पॉवर के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# सैमसंग इंडिया ने 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' की 100 टीमों की पहली सूची जारी की




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपनी एक बड़ी सीएसआर पहल सॉल्व फॉर टुमॉरो के लिए 100 टीमों को शॉर्टलिस्ट करने की घोषणा की है। यह पहल देशभर में नए-नए आविष्कार करने के सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई है। इस शॉर्टलिस्ट में 'स्कूल' और 'यूथ' ट्रैक से 50-50 टीमें शामिल हैं जो अब राष्ट्रीय शिक्षा और नवाचार प्रतियोगिता में आगे प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस वर्ष शॉर्ट लिस्टिंग क्षेत्रीय स्तर पर की गई है। इससे इस प्रतियोगिता को देश के सुदूर इलाकों जैसे कि ओडिशा कचर में खुर्दा और असम में कामरूप ग्रामीण और गुजरात में अमरेली में रहने वाले भारतीय इनोवेटर्स की अगली पीढ़ी तक पहुंचने में मदद मिल सके। यूथ ट्रैक में 'पर्यावरण और स्थिरता' विषय को कवर करने वाले टॉप 50 आइडियाज़ न केवल गैर- परंपरागत हैं, बल्कि इन्हें भविष्य को ध्यान रखकर लाया गया है। वनों की कटाई, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, समुद्री प्रदूषण, कार्बन उत्सर्जन, अनसस्टेनेबल पैकेजिंग और खराब जल प्रबंधन जैसे मुद्दे युवाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण विषय के रूप में सामने आए हैं। दूसरी ओर, 'स्कूल' ट्रैक ने 'समुदाय और समावेशन 'थीम के तहत अपने विचार पेश किए हैं। उनके विचार स्कूली छात्रों में मानसिक बीमारी, एलजीबीटीक्यू समुदाय के लिए समावेशी माहौल की कमी, समाज के आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों में डिजिटल साक्षरता की खराब स्थिति और नौकरी के लिए तैयार होने के लिए एकेडेमिक शिक्षा और तकनीकी कौशल के बीच मौजूदा अंतर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधानों पर केंद्रित हैं।

# डिस्ट्रिक स्वीमिंग एसोसिऐशन के द्वारा जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

डिस्ट्रिक स्वीमिंग एसोसिऐशन के द्वारा 30 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल, रायपुर में एक दिवसीय जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एवं संघ की संरक्षक मीनल चौबे नेता प्रतिपक्ष, रायपुर नगर निगम, डिस्ट्रिक स्वीमिंग ऐसोसिऐशन के अध्यक्ष डॉ. मनीष शुक्ला, सहा संरक्षक संजय शुक्ला, विशिष्ट अतिथि रूपेश मिश्रा, प्रशांत शर्मा एवं स्वीमिंग पूल के संचालक पी.के.चंद्राकर एवं रायपुर के विभिन्न स्वीमिंग पूलों के कोच महोदय उपस्थित थे। प्रतियोगिता में पूरे संभाग में लगभग 200 से ज्यादा तैराकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तैराकी प्रतियोगिता सबजूनियर एवं जूनियर ग्रुप बायॅस एवं गर्ल्स की उम्र अनुसार तीन ग्रुप में आयोजित की गई। तैराकी के विभिन्न स्ट्रोक्स जोकि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में होते हैं जिनमें से फ्री स्टाईल, बेक स्टाईल, बटर फलाई स्टाईल, ब्रेस्ट स्टाईल में 50, 100, 200, 400 एवं 800 मीटर में प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त तैराकी कार्यक्रम के समापन समारोह में डॉ. मनीष शुक्ला, अध्यक्ष द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर से लेकर छोटे शहरों तक वर्तमान में तैराकी एवं खेल के बढ़ते प्रभाव को एवं उसके महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त कर राज्य का नाम रोशन करने वाले प्रतियोगी बच्चों का भी सम्मान किया गया साथ ही आयोजन के विभिन्न स्पर्धा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तैराकों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्राउन्ज मेडल देकर उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता में अविरल सिंह, अबीर शुक्ला, सम्यक वैदय, वास्वा कुंजाम, दामनी, अर्नव मिश्रा, नियाशा, उपराज, शैलन, शौय देवांगन, वेदा राव, प्रिया, हिया जैन, तेजस्वी एवं यशस्वी, मनीष, अनंत, सोना दास, अनिका, न्यारा, शकुन, एकबीर शर्मा, शोर्य प्रताप, वैरानिका पंडा एवं अन्य प्रतियोगी सफल रहे। प्रतियोगिता के अंत में डॉ. मनीष शुक्ला अध्यक्ष द्वारा प्रतियोगिता में सफलता पूवर्क समपन्न कराने हेतु समस्त कोच महोदयों का अभिनंदन किया गया।

# विधायक दीपेश साहू ने लगाए एक पेड़ मां के नाम

## सभी मिलकर एक पेड़ मां के नाम अभियान को बनाये सफल : विधायक साहू

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के निर्देशन पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू देवांगन के नेतृत्व में मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू की उपस्थित मे भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुवात किया गया द्य जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के जिला प्रभारी राजू देवांगन के नेतृत्व मे अभियान की शुरुवात बेमेतरा ज़िला कलेक्ट्रेट कार्यलय के पीछे नर्सरी मे लगभग 30-40 पेड़ लगाकर किया गया। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण को बचाने के लिए देशवासियों से पेड़ लगाने की अपील किया है। पीएम मोदी ने मन की बात के 111 एपिसोड में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अपील के की सभी लोग एक पेड़ अपनी मां के नाम जरूर लगाए। क्योंकि दुनिया का सबसे बड़ा अनमोल रिश्ता मां का होता है। हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां हर दुख सुख सहकर अपने बच्चों का पालन पोषण करती है। हर मां अपने बच्चों पर हर स्नेह लुटाती है जन्मदाता मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होते जिसे कोई छुपा नहीं सकता। पीएम मोदी इसके लिए विश्व विश्व पर्यावरण दिवस पर एक खास अभियान का शुरुआत किया। इस अभियान का नाम एक पेड़ मां के नाम है। इस अभियान के तहत पीएम मोदी ने भी एक पेड़ मां के नाम पर लगाया है। साथी देशवासियों से दुनिया के सभी देशों के लोगों से अपील किया था कि सभी अपनी मां के साथ मिलकर या उसके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाए। इस अभियान के बाद मां की स्मृति और उनके सम्मान में पेड़ लगाने का सिलसिला तेजी से बढ़ने लगा। उसी के तहत बेमेतरा जिला कार्यालय के पीछे नर्सरी में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के नेतृत्व में भाजपा के समस्त पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं के द्वारा एक पेड़ मां के नाम के अभियान की शुरुआत करते हुए जिला कलेक्ट्रेट कार्यलयके पीछे नर्सरीमे वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान विधायक साहू ने कहा की ऐसा स्कूल जहांआहता है उनके कि नारे किनारे छायादार वृक्ष जैसे नींम गुलमोहर करण अशोक अर्जुन के पेड़ लगाए। ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण रक्षा के इस पुनीत अभियान को एक पेड़ मां के नाम का रूप देकर इसे मातृवंदना से जोड़ने की जो देवतुल्य पहल की है उसके लिए वे ढेरों सारी प्रशंसा के हकदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी का अपनी मां के प्रति जो समर्पण और श्रद्धाभाव रहा है वह हम सबके लिए प्रेरणा का विषय है। इस अभियान का एक निहितार्थ यह भी है कि हम सब प्रकृति की गोद में ही पलकर बड़े होते हैं। अतः इस अभियान से जुड़ कर हमें प्रकृति के प्रति अपने फर्ज को भी पूरा करने की संतुष्टि मिल सकती है। मैं बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेशवासियों से हार्दिक अपील करता हूं कि वे इस पुनीत अभियान को सफल बनाने के लिए तत्परता से आगे आकर इसमें प्राणपण से सहयोग प्रदान करें। यशस्वी प्रधानमंत्री की पहल पर शुरू किया गया यह पुनीत अभियान पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान करने में समर्थ होगा। इस अवसर पर राजू देवांगन जिला अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जिला मंत्री रेवा राम निषाद, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मोंटी साहू शहर मंडल अध्यक्ष नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, शहर महामंत्री संतोष वर्मा, युगल देवांगन, कमलेश वर्मा अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर बेमेतरा, पिछड़ा वर्ग महामंत्री राकेश वर्मा, सुरेन्द्र साहू, पप्पू देवांगन, ओंकार साहू, गोलू कोसले, अजीज कुरैशी, पूर्व पार्षद मदन वर्मा, देवनाथ पाल, वेद वैष्णव, दुखित पाल, मांधवा पाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललिता साहू, ओमेश्वरी साहू, सावित्री रजक, पिंकी गुप्ता, ममता साहू, मीनू पटेल, पार्षद सजनी यादव, पार्षद लक्ष्मी लहरे, पार्षद नीतू कोठरी, पार्षद नीलू राजपूत, रोशन दत्ता, दीना साहू, परमेश्वर साहू उपस्थित रहे।

# क्षय अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने किया निरीक्षण

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अतिरिक्त परियोजना संचालक सह राज्य क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी बेमेतरा जिला में एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के साथ जिला के क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन की जायजा लेने औचक निरीक्षण पर आए। डॉ सोनवानी ने सीएमएचओ डॉ संत राम चुरेंद्र, जिला नोडल अधिकारी एचआईवी एड्स डॉ के डी साहू ,अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु क्षय उन्मूलन कार्यक्र म कर्मचारियों के साथ बैठक कर जिला में संचालित एड्स नियंत्रण व क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी ली,उसके बाद जिला क्षय उन्मूलन केंद्र पहुंचा जिसमे टी बी के संभावित मरीजों की जांच ,उपचार ,सहित मरीजों को मिलने वाली सुविधा की जानकारी ली।

**न्यायालय तहसीलदार घुमका जिला-राजनादंगाँव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क.-202403091500025...ब/121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनीराम पिता धुरदास जाति सतनामी, निवासी ग्राम पटेवा तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पटेवा आवेदक की हक व आधिपत्य में स्थित भूमि ख.न. 22/3 रकबा 2.0232 हे. भूमि छ.ग. शासन द्वारा शासकीय पट्टे के अतंर्गत कृषि प्रयोजनार्थ आबंटित किया था। आबंटन के पश्चात 20 वर्ष की अवधि पूर्ण हो चुकी है। अतः छ.ग. नगेत्तर क्षेत्र में शासकी पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार नियम 2023 के प्रावधानों के तहत उपरोक्त भूमि का भूमि स्वामी अधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया था। आवेदक द्वारा उक्त खाते की भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 19.07.2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
घुमका
जिला-राजनांदगांव

**न्यायालय तहसीलदार घुमका जिला-राजनादंगाँव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क.-202403091500024...ब/121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पीलूराम पिता सखाराम जाति तेली, निवासी ग्राम पटेवा तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पटेवा आवेदक की हक व आधिपत्य में स्थित भूमि ख.न. 22/4 रकबा 5.00 एकड़ भूमि छ.ग. शासन द्वारा शासकीय पट्टे के अतंर्गत कृषि प्रयोजनार्थ आबंटित किया था। आबंटन के पश्चात 20 वर्ष की अवधि पूर्ण हो चुकी है। अतः छ.ग. नगेत्तर क्षेत्र में शासकी पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार नियम 2023 के प्रावधानों के तहत उपरोक्त भूमि का भूमि स्वामी अधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया था। आवेदक द्वारा उक्त खाते की भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 19.07.2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
घुमका
जिला-राजनांदगांव

**न्यायालय तहसीलदार घुमका जिला-राजनादंगाँव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क.-202403091500022...ब/121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता बल्लू जाति यादव, निवासी ग्राम पटेवा तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पटेवा आवेदक की हक व आधिपत्य में स्थित भूमि ख.न. 22/5 रकबा 2.023 हे. भूमि छ.ग. शासन द्वारा शासकीय पट्टे के अतंर्गत कृषि प्रयोजनार्थ आबंटित किया था। आबंटन के पश्चात 20 वर्ष की अवधि पूर्ण हो चुकी है। अतः छ.ग. नगेत्तर क्षेत्र में शासकी पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार नियम 2023 के प्रावधानों के तहत उपरोक्त भूमि का भूमि स्वामी अधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया था। आवेदक द्वारा उक्त खाते की भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 19.07.2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
घुमका
जिला-राजनांदगांव

**न्यायालय तहसीलदार घुमका जिला-राजनादंगाँव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क.-202403091500021...ब/121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास पिता शत्रुहन जाति कोष्टा, निवासी ग्राम पटेवा तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पटेवा आवेदक की हक व आधिपत्य में स्थित भूमि ख.न. 22/7 रकबा 1.619 हे. भूमि छ.ग. शासन द्वारा शासकीय पट्टे के अतंर्गत कृषि प्रयोजनार्थ आबंटित किया था। आबंटन के पश्चात 20 वर्ष की अवधि पूर्ण हो चुकी है। अतः छ.ग. नगेत्तर क्षेत्र में शासकी पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार नियम 2023 के प्रावधानों के तहत उपरोक्त भूमि का भूमि स्वामी अधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया था। आवेदक द्वारा उक्त खाते की भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 19.07.2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
घुमका
जिला-राजनांदगांव

**न्यायालय तहसीलदार घुमका जिला-राजनादंगाँव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क.-202403091500023...ब/121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतराम पिता विष्णु जाति मेहर, निवासी ग्राम पटेवा तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पटेवा आवेदक की हक व आधिपत्य में स्थित भूमि ख.न. 22/8 रकबा 2.023 हे. भूमि छ.ग. शासन द्वारा शासकीय पट्टे के अतंर्गत कृषि प्रयोजनार्थ आबंटित किया था। आबंटन के पश्चात 20 वर्ष की अवधि पूर्ण हो चुकी है। अतः छ.ग. नगेत्तर क्षेत्र में शासकी पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार नियम 2023 के प्रावधानों के तहत उपरोक्त भूमि का भूमि स्वामी अधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया था। आवेदक द्वारा उक्त खाते की भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 19.07.2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
घुमका
जिला-राजनांदगांव

**न्यायालय तहसीलदार घुमका जिला-राजनादंगाँव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क.-202403091500026...ब/121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रंजन पिता फूलचंद जाति लोधी, निवासी ग्राम पटेवा तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पटेवा आवेदक की हक व आधिपत्य में स्थित भूमि ख.न. 22/18 रकबा 2.023 हे. भूमि छ.ग. शासन द्वारा शासकीय पट्टे के अतंर्गत कृषि प्रयोजनार्थ आबंटित किया था। आबंटन के पश्चात 20 वर्ष की अवधि पूर्ण हो चुकी है। अतः छ.ग. नगेत्तर क्षेत्र में शासकी पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार नियम 2023 के प्रावधानों के तहत उपरोक्त भूमि का भूमि स्वामी अधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया था। आवेदक द्वारा उक्त खाते की भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 19.07.2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
घुमका
जिला-राजनांदगांव

**न्यायालय तहसीलदार घुमका जिला-राजनादंगाँव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क.-202403091500027...ब/121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इन्द्रभूषण देवांगन पिता भगवती जाति कोष्टा, निवासी ग्राम पटेवा तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पटेवा आवेदक की हक व आधिपत्य में स्थित भूमि ख.न. 22/6 रकबा 4.00 एकड़ भूमि छ.ग. शासन द्वारा शासकीय पट्टे के अतंर्गत कृषि प्रयोजनार्थ आबंटित किया था। आबंटन के पश्चात 20 वर्ष की अवधि पूर्ण हो चुकी है। अतः छ.ग. नगेत्तर क्षेत्र में शासकी पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार नियम 2023 के प्रावधानों के तहत उपरोक्त भूमि का भूमि स्वामी अधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया था। आवेदक द्वारा उक्त खाते की भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 19.07.2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
घुमका
जिला-राजनांदगांव

# आज निकलेगी रथयात्रा... भगवान का रथ खिचेंगे भक्त, राम-जानकी मंदिर में ठहरेंगे प्रभु जगन्नाथ

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आज शहर में भगवान जगन्नाथ अपने मंदिर से बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण करेंगे। भक्तों द्वारा भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को अपने हाथों से नगर भ्रमण कराएंगे। भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक भक्तों को अपना दर्शन देंगे।

शहर के गांधी चौक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से और प्रभात नगर लालबाग जगन्नाथ मंदिर से भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालने की तैयारी है। रथयात्रा शहर के अलग-अलग मार्गों में भ्रमण होगा। जिसका जगह-जगह स्वागत भक्तों द्वारा किया जाएगा। वहीं महाप्रसादी भंडारा का आयोजन करने की तैयारी भी चल रही है।

श्री जगन्नाथ मंदिर रथयात्रा आयोजन समिति के प्रमुख महेश शर्मा के अनुसार 7 जुलाई को गांधी चौक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में सुबह 8 बजे से भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का विशेष श्रृंगार पूजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहली बार सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक महाप्रसादी भंडारा आयोजित है। रथयात्रा प्रारंभ करने के पूर्व दोपहर 2 बजे भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा एवं सुदर्शन चक्र को भव्य रथ में विराजित किया जाएगा। दोपहर 2.30 बजे रथ की रस्सी को सैकड़ों भक्त माता-बहनों एवं बंधुओं द्वारा अपने हाथों से खींचकर रथयात्रा प्रारंभ होगी। इस दौरान विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों और भक्त नृत्य करते आगे बढ़ेंगे। ढोल नगाड़े की थाप भी रथयात्रा की शोभा बढ़ाएगी। रथयात्रा गांधी चौक से दुर्गा चौक, बालगोविंद चौक, बसंतपुर थाना से सदर बाजार, भारत माता चौक से तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, श्री श्याम मंदिर गली होते हुए कामठी लाइन, भारत माता चौक से आजाद चौक होते मानव मंदिर चौक से जयस्तंभ चौक से जूनीहटरी स्थित श्री राम जानकी मंदिर पहुंचेगी। यहां जगत के नाथ का स्वागत पारंपरिक सनातन संस्कृति के अनुसार किया जाएगा।

भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक श्रीराम जानकी मंदिर में ही विराजेंगे एवं भक्तों को दर्शन देंगे। रथयात्रा के दौरान सुप्रसिद्ध गजा मूंग का प्रसाद भक्तों को प्राप्त होगा। एकादशी के दिन भगवान पुनः अपने रथ पर विराजमान होकर बाजे गाजे के साथ अपने गांधी चौक स्थित मंदिर में पधारेंगे।




### पुरी की तर्ज पर शहर में निकलेगी रथयात्रा

7 जुलाई को महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा का भव्य आयोजन श्री जगन्नाथ समिति प्रभातनगर लालबाग द्वारा उड़ीसा पुरी की तर्ज पर पारंपरिक रूप से उडिय़ा मां मैलोडी नृत्य के साथ निकाली जाएगी। समिति से जुड़े अधिवक्ता राकेश ठाकुर ने बताया कि रविवार को सुबह 8 बजे कार्यक्रम हवन-पूजन के साथ आरंभ होगा। वहीं दोपहर 12 बजे से भगवान जगन्नाथ की आरती तथा पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ प्रभाततनगर लालबाग स्थित मंदिर से रथयात्रा निकलेगी, जो शहर के गुरूद्वारा चौक से नगर भ्रमण कर श्रद्धालुओं को दर्शन और आशीर्वाद देंगे। इस यात्रा को सफल बनाने समिति के पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

# डीएपी की आपूर्ति ठप्प, कृषि केंद्रों पर आश्रित किसान

## खाद की किल्लत बरकरार, सोसायटी में रैक का इंतजार, डीएपी के मांग के एवज में 25 फीसदी भी नहीं हुई आपूर्ति

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर सहित अंचल में खरीफ सीजन के कृषि कार्यों ने गति आ गई है। धान की बुआई कर चुके सिंचाई सुविधाविहीन पारंपरिक कृषकों ने राहत की सांस ली है। वहीं लाईचोपी व रोपा पद्धति वाले सिंचाई सुविधायुक्त किसान अब भी झमाझम बारिश के इंतजार में हैं। बारिश तो जैसे तैसे होने लगी है, किसानों की असल फिक्र डीएपी खाद को लेकर है। अब तो किसान खाद की किल्लत को नियति मानने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि विगत सप्ताह डोंगरगांव अंचल के डोंगरगांव नगर, अजुनी, तुमड़ीबोड, कुमरदा, खुज्जी, करमतरा, कोकपुर, तिलईरवार जैसे सहकारी समितियों में बमुश्किल ही डीएपी की रैक पहुंचने की खबर आई थी। वहीं उक्त रैक से 25 फीसदी किसानों को भी डीएपी नसीब नही हो पाने की चर्चा भी किसानों में है। अब आलम ये है कि किसानवर्ग अपने निकटतम सोसायटी में रोजाना चक्कर लगाते देखे जा सकते है। यही नही, कुछ किसान तो सोसायटी के कर्मचारियों के पास गुस्सा निकालकर उल्टे पाँव घर लौटने मजबूर हैं।





### सोसायटी में ही दिखा रहे आक्रोश

सोसायटी प्रबंधन की माने तो सोसायटी के कर्मचारी शासन प्रशासन को लगातार वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए डिमांड रिमाइंडर का कार्य कर रहे हैं। सोसायटी के पास कुछ हद तक यूरिया रनिंग तौर पर उपलब्ध बताए जाते हैं, लेकिन सर्वाधिक आवश्यक हो चुके डीएपी के बगैर किसान खाद उठाव के लिए दिलचस्पी नही ले रहे हैं। दिलचस्प बात ये है कि कुछ ओहदेदार किसान सोसायटी में कर्मचारियों के पास अपना आक्रोश जाहिर करने लगे हैं।

### कृषि केंद्रों के भरोसे किसान

किसानों की दुर्दशा कहें या नियति। किसानों को अपनी साख समिति के कार्यालय यानी सोसायटी को छोड़कर कृषि केंद्रों की ओर रुख करना पड़ रहा है। किसानवर्ग अपने सोसायटी में डीएपी की आपूर्ति नही होने से कृषि केंद्रों में खाद उठाव करने मजबूर है। हालांकि सभी किसान कृषि केंद्रों से खाद की नकद खरीदी करने में सक्षम नही हैं, फिर भी वे कर्ज लेकर कृषि करने मज़बूर हैं।

# विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें व सायकिल वितरण



■ हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेशोत्सव एवं पौधारोपण

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नेशनल हाइवे स्थित टप्पा के हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव व पौधारोपण महोत्सव आयोजित हुआ। इस मौके पर प्राचार्य जेके सिंह द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन अपने पूज्य पिता की स्मृति में कक्षा 10वी व 12वी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जनरल नॉलेज बुक व पेन प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में नवप्रवेशी बच्चों का अतिथियों के हाथों अभिनंदन कर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं साइकिल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि छत्रपाल चंद्रवंशी सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव थे। अध्यक्षता सरपंच मीना साहू ने की। संकुल प्राचार्य जेके सिंह, सुखदेव सिन्हा, टुम्मन साहू, चंद्रकला साहू , टुकेश्वर साहू, राजू ढीमर सम्मिलित हुए। विद्यालय परिसर में नीम,बादाम, करंज व गुलमोहर सहित अन्य प्रजाति के पौधे रोपे गये। संचालन व्याख्याता हेमंत साहू के द्वारा किया गया। इस मौके पर सरपंच मीना साहू प्राचार्य जेके सिंह, सचिव योगेश साहू, दिनेश सिन्हा, शिक्षक रामेश्वर साहू, हीरालाल साहू, डैनी वर्मा, वीरेंद्र कुमार रंगारी, अन्नपूर्णा कोटांग्ले, निशा मिश्रा, स्वालेहा खानम शेख,चंद्रिका भारद्वाज, नम्रता बावनकर, मोनिका नायक, भगवती यारदा, रेखा कड़वे, त्रिभुवन वर्मा व बेनी राम जंघेल उपस्थित थे।

# राजस्व पखवाड़ा शिविर 6 से 20 जुलाई तक

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com

जिले में आगामी 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा में मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले में सभी 5 तहसीलों अंतर्गत पटवारी हल्के एवं उनके अधीन आने वाले 185 ग्राम पंचायतों एवं पटवारी हल्का मुख्यालय में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें तहसील मुख्यालय भी शामिल है। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर जिले के सभी तहसीलों के अंतर्गत राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत राजस्व शिविर के लिए 185 ग्राम पंचायत का चिनांकन कर लिया गया है। उन्होंने जिले में सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों से लाभान्वित ग्रामों के किसानों को राजस्व शिविर की जानकारी देने और संबंधित कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के भी निर्देश दिए हैं। शिविर में समस्त राजस्व से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को अपने क्षेत्र में आयोजित राजस्व शिविर का अवलोकन करने एवं प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी वनमंडल का वेतन 4 माह से रुका

**छुरिया।** बाघनदी रेंज के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी वन मंडल का वेतन विगत 4 महीने से नहीं मिलने से कर्मचारियों को घर चलाने के लाले पड़ गए हैं। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी वन मण्डल संघ के जनक चौधरी जिला उपाध्यक्ष राजनांदगांव और सेवाराम सिन्हा ब्लॉक अध्यक्ष बागनदी रेंज ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि विगत 4 मार्च 2024 से जून 2024 तक कुल 4 महीने का वेतन नहीं मिलने से परिवार चलाने के साथ-साथ बच्चों की एडमिशन फीस, दवाई का खर्च सहित अनेको परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन प्रशासन से विनती करते हैं कि हमारा वेतन को अति शीघ्र जारी करें उन्होंने कहा कि सम्मान राशि 4000 रुपए जो हर माह कांग्रेस कार्यकाल में मिलता था वह भी अब मिलना बंद हो गया है। उन्होंने बताया कि वन विभाग के आधिकारी ने सारी फॉर्मेलिटी मस्टर रोल वगैरा सब बनाकर शासन को भेज दिया गया है लेकिन शासन की तरफ से ही देरी हो रही है। जिसके कारण बहुत परेशानी में पड़ गए हैं शासन से अनुरोध करते हैं कि हमारी समस्या को देखते हुए वेतन को अतिशीघ्र जारी करें।

# फसल बीमा के संबंध में कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन ने फसल बीमा के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को फसल क्षति होने पर उन्हें अनिवार्य रूप से सफल बीमा का लाभ मिले।

जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी में फसल बीमा के लिए बीमा कम्पनी बजाज जनरल इन्शोरेंस कम्पनी लिमिटेड को अनुबंध किया गया है। प्राप्त जानकारी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ फसलों के लिये बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 नियत की गई है। बीमांकित राशि धान सिंचित के लिये 480 रूपये तथा धान असिंचित के लिये 360 रूपये प्रति एकड है। किसानों के लिये प्रीमियम राशि 2 प्रतिशत् है। इसी प्रकार मक्का फसल के लिए 360 रूपये उड़द के लिए 216 रूपये, कोदो के लिए 64 रूपये, कुटकी के लिए 68 रूपये, रागी के लिए 120 रूपये, तुअर (अरहर) के लिए 304 रूपये प्रति एकड़ बीमांकित राशि निर्धारित की गई है।



इस प्रकार अऋणी किसान द्वारा वाणिज्यिक बैंको, सहकारी बैंको, पोस्ट ऑफिस, ग्राहक सेवा केन्द्र एवं बीमा अभिकर्ता के माध्यम से फसल बीमा कराया जा सकता है। ऋणी किसानों द्वारा संबधित बैंकों के माध्यम से फसल बीमा कराया जा सकता है। फसल बीमा कराने हेतु आवश्यक दस्तावेज यथा आधारकार्ड, बैंकपासबुक, ऋण पुस्तिका, बी-1 बोनी प्रमाण पत्र घोषण पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

गतवर्ष 2023 खरीफ फसल में जिले के 35980 कृषकों द्वारा फसल बीमा कराया गया था। जिसमें 3185 कृषकों को राशि 4,09,31,486 रूपये की क्षतिपूर्ति (दावा) भुगतान किया गया। इसी प्रकार रबी मौसम वर्ष 2023-24 में कुल 3424 कृषकों द्वारा फसल बीम कराया गया, जिसके फलस्वरूप 197 कृषकों को 18,87,022 रूपये दावा भुगतान किया गया है। बैठक में कृषि अधिकारी जे.एल मंडावी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## गार्ड और हाउस मदर को कमरे में बंद कर हुई थीं फरार

# संप्रेक्षण गृह से भागी किशोरियां नागपुर में मिलीं

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय संप्रेक्षण गृह (बालिका) से फरार हुई तीनों किशोरियां नागपुर के लकड़गंज इलाके में मिली हैं। उन्हें वापस लाने पुलिस की टीम रवाना की गई है।

5 जुलाई की शाम नीलगिरी पार्क स्थित शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह से तीन अपचारी किशोरियां भाग गईं थीं। सीएसपी पुष्पेंद्र नायक ने बताया कि, बालिकाओं ने एक योजना बनाकर इस घटना को अंजाम दिया। तीनों ने मिलकर चोट लगने का हल्ला मचाया। जब हाउस मदर और यहां तैनात होमगार्ड महिला सैनिक अंदर आईं तो तीनों ने उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद वे स्टॉफ का मोबाईल और मोपेड लेकर फरार हो गईं।




पुलिस को रात तकरीबन 9 बजे मामले की खबर मिली। अधिकारियों ने संप्रेक्षण गृह का जायजा लिया और तत्काल ही फरार किशोरियों की तलाश में टीम जुट गई। सबसे पहले पुलिस ने उनके घरों में दबिश दी लेकिन वे वहां नहीं मिलीं। शनिवार की दोपहर तकरीबन एक बजे फरार किशोरियां नागपुर के लकड़गंज थाना क्षेत्र में पाई गईं। गौरतलब है कि, इनमें से दो पर हत्या और एक पर लूट का मामला दर्ज है। किशोरियों की उम्र 15 से 18 वर्ष के बीच है।


# जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए सांसद, लोगों से किया संवाद



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सांसद संतोष पाण्डेय ग्राम बोरतलाब में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा ने गोदभराई कार्यक्रम में गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा नन्हे बच्चों का अन्न-प्राशन्न किया गया। सांसद संतोष पाण्डेय ने शिविर में आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जनसामान्य ऐसे स्थान जहां जनसमस्या निवारण शिविर लगाए जा रहे हैं, वहां जागरूकता के साथ समय निकालकर परिवार सहित अवश्य पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न ग्रामों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जहां कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी पहुंच रहे हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इस अवसर पर स्टॉल का अवलोकन किया और सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि बोरतलाब पहले नक्सली प्रभावित क्षेत्र था लेकिन इस क्षेत्र के जनसामान्य द्वारा पुलिस को मिले सहयोग से यह क्षेत्र नक्सल मुक्त हो गया है। शिविर में बच्चों द्वारा विभिन्न शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

# जिले में अब भी रक्तदान जागरुकता का भारी अभाव हालात ऐसे कि एमरजेंसी में भी डोनर की आवश्यकता







- **ब्लड बैंक में उपलब्धता चौंकाने वाली, रेयर ग्रुप के सिर्फ 1-1 यूनिट उपल्ब्ध**

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय का जिला अस्पताल के ब्लड बैंक का खजाना भी खाली है। दरअसल जितनी जरूरत रोजाना मरीजों को ब्लड की होती है उतनी मात्रा में उपलब्धता नहीं है। आपातकालीन स्थिति में भी बगैर डोनर के ब्लड मिल जाने की संभावना कम जैसी है। जिस संख्या में जिला अस्पताल में मरीज भर्ती हो रहे हैं, और दुर्घटना के शिकार मरीजों को ब्लड की आवश्यकता पड़ती है, उस अनुपात में ब्लड की उपलब्धता का स्टॉक नहीं बन पा रहा है। इस सम्बंध में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की प्रभारी पैथोलॉजिस्ट डॉ. ममता सिंह ने बताया कि लोगों में रक्तदान लेकर जागरूकता की भारी कमी है। उन्होंने कहा, प्रबंधन की ओर से नियमित जन जागरूकता कैंपेन चलाया जाता है, बावजूद इसके लोगों के मन में अभी भी भ्रांतियां और डर का माहौल व्याप्त है।

**सिर्फ बी पॉजिटिव का अधिक स्टॉक**-जिला अस्पताल के ब्लड बैंक से मिली जानकारी के मुताबिक बैंक में सिर्फ बी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की उपलब्धता सबसे अधिक रहती है, जिसकी संख्या ख़बर बनाए जाने के दौरान 8 यूनिट थी। वहीं रेयर ग्रुप जो आसानी से उपल्ब्ध नहीं होते जैसे, ए, ओ, एबी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप के सिर्फ 1-1 यूनिट स्टॉक में उपलब्ध है।

**आपातकालीन में होती है दिक्कत**-बल्ड बैंक की इंचार्ज पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. ममता सिंह ने बताया कि आपाकालीन स्थिति में ब्लड की उपलब्धता नहीं होने से मरीजों को ब्लड देने में भारी दिक्कत होती है। तत्काल में ब्लड देना और उसका एलिजा टेस्ट किए बिना उसे मरीज को नहीं दिया जा सकता, ऐसा करना स्वास्थ्य के लिए गंभीर हो सकता है। इसलिए बैंक में पहले से उपलब्ध होने पर आसानी होती है।

**रक्तदान फायदेमंद है**-डॉ. ममता सिंह का कहना है, रक्तदान को लेकर लोगों में डर और भ्रांतियां हैं, जैसे कि शरीर कमजोर हो जाना, खून की कमी हो जाना, स्वास्थ्य में विपरित प्रभाव पड़ना आदि। उन्होंने इन भ्रांतियां को दूर करते हुए कहा, रक्तदान करने से दिल का दौरा पड़ने का खतरा सबसे पहले कम होता। उन्होंने इसका कारण बताते हुए कहा, रक्तदान करने से पुराना गाढ़ा रक्त शरीर से बाहर हो जाता है और शरीर में नया रक्त बन जाता है जो नली में आसानी से प्रवाह होता है।

> रक्तदान की जागरूकता का जिले में भारी अभाव देखने को मिल रहा है। लोगों से बिना किसी भय के रक्तदान करने की अपील है। विभाग लगातार जन जागरूकता का काम कर रहा है।
> **डॉ. विपीन इंदवार, सीएमएचओ जशपुर**

# पत्नी ने खाना बनाने से किया इंकार, गुस्साए शराबी पति ने लकड़ी से प्राणघातक हमला कर हत्या कर दी

- **आरोपी नाग को चंद घंटे में जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल**

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



प्रार्थी रामनाथ नाग निवासी काडरो पाकेरपारा ने 5 जुलाई को थाना बागबहार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी बड़ी दीदी मृतिका उम्र 27 साल की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व रामकुमार नाग के साथ हुआ था। रामकुमार नाग आये दिन अपनी पत्नी से शराब पीकर विवाद, मारपीट एवं लड़ाई-झगड़ा करता था तथा 4 जुलाई को रामकुमार नाग हमेशा की तरह अपनी पत्नी से विवाद कर हाथ-मुक्का, डंडा इत्यादि से मारपीट कर हत्या कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बागबहार में उक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की विवेचना दौरान महिला संबंधी गंभीर अपराध घटित होने पर पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल एवं थाना प्रभारी बागबाहर को आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के संबंध में निर्देश दिया गया था। उक्त निर्देश के परिपालन में पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश देकर प्रकरण के संदेही रामकुमार नाग को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया, जो अपने मेमोरंडम कथन में बताया कि यह 4 जुलाई के दोपहर में करीब 01 बजे अपनी पत्नी को खाना बनाने के लिये बोला तो उसकी पत्नी खाना बनाने से मना कर दी, तो यह आवेश में आकर अपनी पत्नी को हाथ-मुक्का व लकड़ी फारा से सिर, चेहरा, पीठ एवं कमर में कई बार वारकर चोंट पहुंचाकर हत्या कर दिया। अभियुक्त से घटना में प्रयुक्त लकड़ी फारा को जप्त किया गया है। अभियुक्त रामकुमार नाग उम्र 35 साल निवासी काडरो पाकेरपारा थाना बागबहार के विरूद्ध धारा 103(1) बी.एन.एस. का अपराध सबूत पाये जाने पर उसे 5 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना करने एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक सरोज टोप्पो, स.उ.नि. एन.पी.साहू, प्र.आर. 331 अरविन्द पैंकरा, आर. 568 राजेन्द्र रात्रे, आर. 611 योगेन्द्र पटेल, आर. 623 घनष्याम प्रजापति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शाला विद्या का मंदिर, शिक्षा के साथ स्वच्छ व सुंदर बनाने का भी संकल्प ले बच्चेः राशि

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



शाला विद्या का मंदिर है, ज्ञान की देवी माँ सरस्वती हमेशा इस मंदिर में विराजमान रहती है। शिक्षा के साथ हमे इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने का भी संकल्प लेना होगा, तभी हमारी ग्रहण की गई विद्या सार्थक होगी। उक्त बातें नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने शासकीय प्राथमिक शाला इमली भाठा के शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के आसंदी से कही। महिलांग ने कहाँ की विद्या के मंदिर में ज्ञान के साथ हमे स्वच्छ व सुंदर बनाने के कर्तव्यों का निर्वहन करना आवश्यक है। शासकीय स्कूल में भी अनेक नगर विभूतियो ने अध्ययन कर नगर व राज्य का नाम रौशन किया है। हमे उनके पद चिन्हों पर चलकर सफल बनना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पूर्व पार्षद प्रभा साहू ने शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की महत्वता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशेष अतिथि संकुल समन्वयक रशीद कुरैशी ने शाला के विकास व शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष के साथ सहयोगी नीरज परोहा भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम आरंभ के पूर्व माँ सरस्वती का पूजन व नव प्रवेशी शाला बच्चो को गणवेश व पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। आगामी वर्ष के मेधावी बच्चो को पुरस्कृत करने की घोषणा की। शाला के बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों के स्वागत के लिए मधुर राज्य गीत गाकर स्वागत किया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में वृक्षारोपण, शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी नव-प्रवेशित विद्यार्थियों का अभिनंदन कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला के जवाहर नवोदय विद्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री का दूरगामी विजन एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत आज विद्यालय परिसर में बेमेतरा विधानसभा के विधायक "दीपेश साहू" की गरिमामयी उपस्थिति में 300 से अधिक पौधो का रोपड़ किया गया। विद्यालय प्राचार्या के द्वारा मुख्य अतिथि विधायक महोदय को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत, अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि, प्राचार्या एवं अन्य अतिथिगण के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर, छठवीं,नौवीं एवं 11वीं कक्षा के नव-प्रवेशित छात्र छात्राओं के अभिनंदन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अभिभावक गण एवं विद्यालय परिवार ने विधायक का ध्यान पेंडरी से नवोदय विद्यालय संपर्क-मार्ग के ख़स्ता हाल की ओर आकर्षित कराया। सुरक्षा एवं संरक्षा के दृष्टिकोण से यह संपर्क मार्ग बहुत गंभीर स्थिति में है जिससे होकर विद्यालय आने-जाने में अभिभावक एवं कुसमी के ग्रामवासी अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। विद्यालय की प्राचार्या लक्ष्मी सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में आदरणीय का अभिनंदन करते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा के दसवीं एवम् बारहवीं के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम एवम् विद्यार्थियों की अन्य उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। महोदया ने सभी नव प्रवेशित छात्र- छात्राओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए नये अभिभावक-शिक्षक कमेटी के सदस्यों का स्वागत एवम् अभिनंदन किया।

# शा. नवीन महाविद्यालय सन्ना में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर संवेदीकरण कार्यशाला

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राज्य के सभी महाविद्यालय में सत्र 2024- 25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की जारी रही है द्य जशपुर जिले के सभी महाविद्यालयों मे कार्यरत अधिकारियों/ कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय नवीन महाविद्यालय, सन्ना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण/ कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य कार्यशाला में जिले के मास्टर ट्रेनर डॉ.अमरेन्द्र, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख बिंदुओ, महत्व, आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली, सेमेस्टर सिस्टम, मल्टीप्ल एंट्री एवं मल्टीप्ल एग्जिट सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक लक्ष्मण कुमार प्रजापति, धीरेंद्र कुमार साय, रवि शंकर बैगा, शैलेंद्र कुमार पैंकरा, अमीना कुजूर, विजेंद्र भगत, तुषार कुमार साव एवं सहायक ग्रेड 3 संजय कुमार मिरी उपस्थित रहे।


















संकलनकर्ता -श्यामसुंदर पुरोहित, संवाददाता, भाटापारा, मो. 97556-85116

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403